डाक पंजीयन सं. जयपुर सिटी/ 110/2024-26

website: www.royalpatrika.com
G-mail: royalpatrika@gmail.com
Yahoo: royal_patrika@yahoo.com

दैनिक
# रॉयल पत्रिका

वर्ष :13 | अंक : 168 | पेज: 8 | जयपुर, बुधवार, 28 मई 2025 | मूल्य: 1.50 रुपये



## पीलीभीत में इंडो नेपाल बॉर्डर पर धर्म परिवर्तन का बड़ा खेल

● 3 हजार सिखों को बनाया ईसाई, विदेशी ताकतें भी शामिल

**पीलीभीत (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश में पीलीभीत के इंडो नेपाल बॉर्डर पर बसे कई गांव मदरियों द्वारा तमाम प्रलोभन देकर सिखों का धर्मांतरण कराए जाने का मामला चर्चाओं में है। इस पूरे मामले में एक एफआईआर दर्ज होने के बाद अब तमाम जांच एजेंसियां भी अलर्ट हो गई हैं। दरअसल भारत-पाकिस्तान के बंटवारे के बाद तमाम सिख समुदाय के लोग पाकिस्तान छोड़कर भारत आ गए थे और उन्हें शारदा नदी के किनारे विस्थापित परिवारों का दर्जा देकर सरकार द्वारा बसा दिया गया था। इन परिवारों को राय सिखों को के नाम से भी जाना जाता है। इंडो नेपाल बॉर्डर के 12 गांव में करीब 25 हजार की आबादी राय सिखों की है।

धर्म परिवर्तन के मामले की शिकायत करने वाली गुरु द्वारा प्रबंधक कमेटी के सचिव परमजीत सिंह का कहना है कि धर्म परिवर्तन का खेल वर्ष 2002 से शुरू हुआ, जहां नेपाली पादरियों ने यूपी के पीलीभीत के तमाम इलाकों को निशाना बना लिया। यहां लालच देकर कुछ लोगों को ईसाई धर्म से जोड़ा गया। इसके बाद सिंडिकेट के जरिए चैन सिस्टम लागू करते हुए करीब 3000 लोगों का धर्म परिवर्तन कराया गया। इन लोगों को पढ़ाई आर्थिक लाभ और मानसिक पीड़ा से दूर करने की बात कहकर प्रलोभन दिया गया।

**सिख धर्म पर खतरे की चर्चा-** सिंह गुरुद्वारा सभा बैल्हा के सचिव परमजीत सिंह का कहना है कि 2001 से अब तक कुल 3000 लोगों का धर्म परिवर्तन ईसाई मिशनरी द्वारा कर दिया गया है। ग्रामीणों को धर्म परिवर्तन के लिए तमाम तरीके के प्रलोभन दिए गए जिन लोगों ने धर्म परिवर्तन कर दिया। उन्होंने घर के बाहर ईसाई धर्म के प्रतीक चिन्ह भी बना लिए। इसके साथ ही कुछ घरों में चर्च जैसी गतिविधियां भी संचालित होने लगी और चंगाई सभा का भी आयोजन बड़े पैमाने पर होने लगा। इसके बाद सिख धर्म को खतरे में देखते हुए उन्होंने इस सब के विरोध में आवाज उठाना शुरू किया। करीब 10 महीने पहले प्रशासनिक अधिकारियों से कार्रवाई की मांग की।

**प्रधान का देवर ही निकला पादरी-** गुरुद्वारा कमेटी के लोगों का कहना है कि उनके पड़ोसी गांव टाटरगंज की महिला ग्राम प्रधान का देवर अर्जुन सिंह खुद ही एक पादरी है जो लोगों को धर्म परिवर्तन के लिए प्रेरित करता है।

## पाकिस्तानी टावर-बंकर उड़ाने वाली राइफल 'विध्वंसक' का प्रदर्शन

**नई दिल्ली/श्रीनगर (एजेंसी)।** बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स (बीएसएफ) ने मंगलवार को ऑपरेशन सिंदूर में इस्तेमाल की गई एंटी-मटेरियल राइफल 'विध्वंसक' का प्रदर्शन किया।



विध्वंसक की रेंज 1300 से 1800 मीटर है। इसके जरिए ही ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तानी टावरों और बंकरों को नष्ट किया गया था। ऑटोमैटिक ग्रेनेड लॉन्चर सिस्टम भी पाकिस्तानी चौकियों, ठिकानों और बुलेटप्रूफ गाड़ियों को नष्ट करने में सफल साबित हुआ। इसकी रेंज 1700-2100 मीटर है। इससे दागे गए ग्रेनेड का असर 10 मीटर तक होता है।

## जस्टिस बी वी नागरत्ना, देश की पहली महिला सीजेआई बनेंगी

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** जस्टिस बी वी नागरत्ना सुप्रीम कोर्ट कोलेजियम में शामिल होने वाली पहली महिला जज बन गई हैं। 23 मई को जस्टिस अभय श्रीनिवास ओका के रिटायरमेंट के चलते 25 मई को जस्टिस नागरत्ना सुप्रीम कोर्ट की 5वीं सबसे सीनियर जज बन गईं। सुप्रीम कोर्ट कोलेजियम में 5 सबसे सीनियर जज ही रहते हैं, जिसमें सीजेआई यानी चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया भी शामिल होते हैं। भारत में सीजेआई की नियुक्ति वरिष्ठता के आधार पर होती है। ऐसे में बी वी नागरत्ना 11 सितंबर 2027 को भारत की 50वीं मुख्य न्यायाधीश बनेंगी। वो इस पद पर पहुंचने वाली पहली महिला होंगी। उनका कार्यकाल लगभग 1 महीने का होगा। वो 29 अक्टूबर 2027 को सीजेआई के पद से रिटायर होंगी।



## राहुल गांधी के खिलाफ याचिका खारिज

### वाराणसी कोर्ट में सुनवाई हुई, अमेरिका में भगवान राम को काल्पनिक कहने का आरोप

**वाराणसी (एजेंसी)।** राहुल गांधी के खिलाफ याचिका को वाराणसी कोर्ट ने मंगलवार को खारिज कर दी। कोर्ट में याचिकाकर्ता की मेंटेनिबिलिटी पर पहले बहस हुई। इसके बाद राहुल गांधी के खिलाफ याचिका को सुनने योग्य नहीं माना गया। राहुल गांधी की ओर से एडवोकेट अनुज यादव कोर्ट में मौजूद रहे थे। राहुल गांधी पर भगवान राम को काल्पनिक कहने का आरोप है। 19 मई को जज ने ऑर्डर सुरक्षित रख लिया था। एडवोकेट हरिशंकर पांडेय ने 12 मई को याचिका में दावा किया कि भारतीय संसद में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी इसी साल 21 अप्रैल को अमेरिका के बोस्टन पहुंचे थे। यहां पर ब्राउन यूनिवर्सिटी में स्टूडेंट्स के साथ उनका एक सेशन था। यहां राहुल ने भगवान श्रीराम को लेकर विवादित बयान दिए थे। उन्होंने भगवान राम को 'पौराणिक' बताया था और उस युग पर बताई जाने वाली कहानियों को काल्पनिक कहा था।

गुजरात में बोले पीएम मोदी

## 1947 में अगर पटेल साहब की बात मानी होती तो पहलगाम हमला न होता

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** गुजरात दौरे पर गए प्रधानमंत्री मोदी ने आज बड़ा बयान देते हुए कहा कि अगर 1947 में देश के विभाजन के बाद प्रथम गृह मंत्री सरदार पटेल की सलाह मान ली गई होती तो पहलगाम हमला कभी नहीं हो पाता। पीएम ने कहा कि अगर पटेल साहब की बात मानी होती तो भारत के खिलाफ आतंकवादी गतिविधियां रुक गई होतीं।

**सरदार पटेल की सलाह नजरअंदाज की गई-** गांधीनगर में एक रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने दावा किया कि पाकिस्तान की ओर से कश्मीर पर कब्जा करने के लिए आक्रमण करने वाले मुजाहिदीन लड़ाकों से निपटने के बारे में पटेल की सलाह को कथित तौर पर नजरअंदाज कर दिया गया।

**1947 में भारत माता के टुकडे कर दिए गए-** पीएम मोदी ने कहा, 1947 में भारत माता के टुकड़े कर दिए गए। जब जंजीरें काटनी चाहिए थीं, तब हाथ काट दिए गए। देश तीन टुकड़ों में बंट गया और उसी रात कश्मीर की धरती पर पहला आतंकी हमला हुआ। पाकिस्तान ने मुजाहिदीन के नाम पर आतंकियों की मदद से भारत माता के एक हिस्से पर कब्जा कर लिया। अगर उस दिन ये मुजाहिदीन मारे गए होते और सरदार पटेल की सलाह मान ली गई होती तो पिछले 75 सालों से आतंकवादी घटनाओं का चल रहा ये सिलसिला न दिखता।



**ऑपरेशन सिंदूर कैमरे के सामने किया,ताकि कोई सबूत न मांगे -** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात में लगातार दूसरे दिन मंगलवार को ऑपरेशन सिंदूर पर बात की। उन्होंने कहा, हमने आतंकवाद के 9 ठिकाने तय करके 22 मिनट में उन्हें ध्वस्त कर दिया। और ये सब कुछ कैमरे के सामने किया, ताकि कोई सबूत न मांगे।

## राष्ट्रपति भवन में सेकंड फेज के पद्म पुरस्कारों का वितरण

### लोक गायिका शारदा सिन्हा को मरणोपरांत पद्म विभूषण ; साध्वी ऋतंभरा को पद्मभूषण सम्मान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में दूसरे फेज के पद्म अवॉर्ड्स दिए। इनमें लोकगायिका स्वर्गीय डॉ. शारदा सिन्हा समेत 68 हस्तियों को सम्मानित किया जा रहा है। इस दौरान पीएम मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री एस जयशंकर भी मौजूद हैं। मंगलवार को हुई अवॉर्ड सेरेमनी में बिहार की दिवंगत लोक गायिका डॉ. शारदा सिन्हा को मरणोपरांत पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। वहीं, राम मंदिर आंदोलन में शामिल रहीं साध्वी ऋतंभरा को सामाजिक कार्य के लिए पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। इससे पहले 28 अप्रैल को पहले चरण की अवॉर्ड सेरेमनी में 71 हस्तियों को पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री से सम्मानित किया गया था।



## देश के डिफेंस को नई ऊंचाई पर ले जाएंगे स्वदेशी सैटेलाइट

● पांच वर्षों में 52 जासूसी उपग्रहों को कक्षा में स्थापित करने की योजना

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** वे अदृश्य नायक थे। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान आसमान में अदृश्य रहकर लेकिन सतर्क आंखों से अपने काम को बखूबी अंजाम दिया। कार्टोग्राफी उपग्रहों (कार्टोसैट), रडार इमेजिंग उपग्रहों (रिसैट्स) और पृथ्वी-अवलोकन उपग्रहों (ईओएस) ने पाकिस्तान की एयर डिफेंस सिस्टम और हवाई ठिकानों पर सटीक हमला करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इससे यह बात सामने आई कि हाई



तकनीक वाले युद्ध के युग में अंतरिक्ष में ऐसे और अधिक मूक प्रहरी होने का महत्व है।

**निगरानी क्षमता बढ़ाने की जरूरत-** भारत के पास इस समय विभिन्न कक्षाओं में करीब 10 सर्विलांस सैटेलाइट हैं। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष वी नारायणन और अंतरिक्ष नियामक भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन एवं प्राधिकरण केंद्र (आईएनएसपीएसीई) के अध्यक्ष पवन गोयनका ने हाल ही में देश की निगरानी क्षमताओं को बढ़ाने की जरूरत पर जोर दिया है।

## देश में कोरोना से 11 की मौत, 1047 एक्टिव केस

● महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा 5 मौतें, एक हफ्ते में 787 नए मामले सामने आए



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश में कोरोना वायरस के मामलों की संख्या 1047 हो गई है। सबसे ज्यादा 430 एक्टिव केस केरल में हैं। महाराष्ट्र में 208, दिल्ली में 104 और गुजरात में 83 केस हैं। कर्नाटक के 80 केसों में से सिर्फ 73 बेंगलुरु में हैं। वहीं महाराष्ट्र, राजस्थान, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक और मध्य प्रदेश में कुल 11 मरीजों की मौत हो चुकी है। इनमें से नौ की मौत एक हफ्ते के भीतर हुई है। कोरोना से सबसे ज्यादा पांच मौतें महाराष्ट्र में हुई हैं। ठाणे में सोमवार को एक महिला की मौत हुई।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के मुताबिक पिछले एक हफ्ते में 787 नए मरीज दर्ज किए गए हैं। इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च के डायरेक्टर डॉ राजीव बहल ने बताया कि अभी तक देश में 4 वैरिएंट मिले हैं। इनमें एलएफ.7, एक्सएफजी , जेएन.1 और एनबी.8.1 वैरिएंट शामिल हैं।

## यौन शोषण में बरी बृजभूषण का अयोध्या में स्वागत

**अयोध्या (एजेंसी)।** नाबालिग पहलवान से यौन शोषण मामले में बरी होने के बाद बृजभूषण सिंह पहली बार अयोध्या पहुंचे। एयरपोर्ट पर 1000 से ज्यादा कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों के साथ उनका स्वागत किया। इसके बाद वे हनुमानगढ़ी मंदिर पहुंचे और हनुमान जी के दर्शन-पूजन किए। बृजभूषण बोले- मैंने कहा था कि अगर मेरे ऊपर लगे आरोप साबित हो जाते हैं तो मैं खुद फांसी पर लटक जाऊंगा। कोर्ट के फैसले ने मेरी उस बात को सही साबित कर दिया। भूपेंद्र हुड्डा 11 बजे तक मुख्यमंत्री बनने वाले थे, लेकिन संत्री भी नहीं बन पाए। आम आदमी पार्टी का तो सत्यानाश हो गया।

मेरा जो भी विरोध करेगा, भगवान उसे दंड देंगे, क्योंकि मैं हनुमान जी का भक्त हूं। जो लोग मुझ पर आरोप लगा रहे थे, वही कभी मुझे 'कुश्ती का भगवान' कहते थे। एक गीत मैं उन्हीं लोगों के लिए कहना चाहता हूं- कभी पास आके वो इतना बता दें, मुझे सता कर क्या मिला?

## अस्पताल पहुंचकर तेजस्वी को पिता बनने पर सीएम ममता बनर्जी ने दी बधाई

ममता ने बच्चे को बताया लकी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लालू परिवार में घर आज खुशखबरी आई है। बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव और उनकी पत्नी राजश्री को बेटा हुआ है। इस मौके पर पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने उन्हें बधाई दी है। ममता ने खुद अस्पताल पहुंचकर राजश्री और बच्चे का हाल जाना। ममता ने अस्पताल जाकर लालू यादव से भी मुलाकात की। ममता ने कहा कि ये बच्चा बिहार चुनाव के लिए उनके परिवार के लिए लकी है। तेजस्वी ने इसके लिए ममता को धन्यवाद दिया।



**तेजस्वी की पत्नी पर किया खुलासा-** इस बीच ममता ने तेजस्वी और उनकी पत्नी की तारीफ भी की। उन्होंने कहा कि बच्चा बहुत सुंदर है, क्योंकि पिता और मां भी तो काफी सुंदर है। इसी के साथ उन्होंने खुलासा किया कि राजश्री बीते 9 महीने से बंगाल में ही थीं।

**लालू यादव लेंगे बेटे के नाम पर अंतिम फैसला-** बेटे का नाम रखने के बारे में पूछे जाने पर तेजस्वी ने कहा कि पूरा परिवार बहुत खुश है और बेटे का नाम रखने पर लगा हुआ है। हर कोई अलग-अलग नाम रख रहा है। उन्होंने कहा कि अब फैसला हुआ है कि हर कोई एक नाम लालू जी को देगा और जो उन्हें सबसे अच्छा लगेगा वही हम रखेंगे।

बारिश-बिजली से

## केरल और महाराष्ट्र में 5 की मौत

लैंडस्लाइड से सैकड़ों घरों को नुकसान, मुंबई-ठाणे में आज बारिश का रेड अलर्ट

**नई दिल्ली/मुंबई/भोपाल/लखनऊ (एजेंसी)।** केरल में 24 मई को मानसून की दस्तक के बाद लगातार बारिश से आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। बारिश से जुड़ी घटनाओं में अब तक 4 लोगों की मौत हो गई है। बारिश-लैंडस्लाइड के चलते 29 घर ढह गए, 868 घर क्षतिग्रस्त हुए हैं। ट्रेनें देरी से चल रही हैं। निचले इलाके जलमग्न हैं।




मौसम विभाग ने मंगलवार को तिरुवनंतपुरम, कोल्लम, अलाप्पुझा, कोट्टायम, इडुक्की, एर्नाकुलम, मलप्पुरम, कोझिकोड, कन्नूर और कासरगोड में भारी बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। यहां बारिश के साथ 50 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से तेज हवाएं चलने की आशंका है।

वहीं, महाराष्ट्र में सोमवार को दो लोगों की मौत हो गई। ठाणे में बिजली गिरने से एक महिला की मौत हो गई। मुंबई में लगातार बारिश के कारण पेड़ गिरने की अलग-अलग घटनाओं में 26 साल के एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि एक अन्य घायल हो गया। मुंबई और ठाणे में आज भी भारी बारिश का अलर्ट है। मुंबई में सोमवार को मानसून ने तय समय से 16 दिन पहले दस्तक दी थी। पहले ही दिन अंधेरी, भांडुप, पवई में बारिश से सड़कों पर पानी भर गया। लोकल ट्रेन और फ्लाइट्स भी प्रभावित हुईं। वर्ली अंडरग्राउंड मेट्रो स्टेशन में पानी भर गया।

मौसम विभाग के मुताबिक, देश के 14 राज्यों में मानसून पहुंच चुका है। तीन साइक्लोनिक सर्कुलेशन के एक्टिव होने की वजह से अगले चार दिन तक आंधी और बारिश का अलर्ट जारी किया है। आमतौर पर केरल में मानसून 1 जून और मुंबई में 11 जून को पहुंचता है। मौसम विभाग ने आज हिमाचल प्रदेश में बारिश, आंधी-तूफान, बिजली और ओलावृष्टि का अलर्ट जारी किया है। 27-28 मई को शिमला, कुल्लू और मंडी जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

● यूपी की बेटियों को सीएम योगी का बड़ा तोहफा

## बेटियों के विवाह पर 1 लाख रुपये, कन्या के खाते में 60 हजार

25 हजार का उपहार भी मिलेगा



**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत अब बेटियों के विवाह पर 51 हजार की जगह 1 लाख रुपये खर्च होंगे। योगी सरकार द्वारा लिए गए इस फैसले से गरीब परिवारों को बड़ी राहत मिलेगी। इस योजना के तहत कन्या के खाते में 60 हजार रुपये भेजे जाएंगे 25 हजार का उपहार दिया जाएगा और 15 हजार रुपये आयोजन पर खर्च होंगे। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह के तहत बेटियों के विवाह पर 51 हजार की बजाए अब एक लाख रुपये की धनराशि खर्च होगी। गरीब बेटियों के विवाह के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से बड़ा कदम उठाया गया है। जनपद में वर्ष 2017-18 से 2024-25 तक 7064 वर-वधुओं का सामूहिक विवाह कराया गया है। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन के निर्देशन में बीते सात मार्च को ही मझवां ब्लॉक के गांधी इंटरमीडिएट कॉलेज में 531 जोड़ों का सामूहिक विवाह कराया गया था।

# हफ्तेभर में कोरोना के 3 गुना मामले; क्या नया वैरिएंट वैक्सीन को भी चकमा दे रहा है? लॉकडाउन की आशंका फिर से मंडराने लगी!

देश में एक बार फिर कोरोना संक्रमण ने चिंताएं बढ़ा दी हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के ताज़ा आंकड़ों के अनुसार, बीते एक हफ्ते में कोविड-19 के मामलों में तीन गुना वृद्धि दर्ज की गई है। यह तेजी किसी आम उछाल की तरह नहीं देखी जा रही, बल्कि इसके पीछे एक नया वैरिएंट 'KP.3' को जिम्मेदार माना जा रहा है, जो पहले से अधिक संक्रामक और प्रतिरोधक क्षमता को चकमा देने वाला बताया जा रहा है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, भारत में 26 मई तक 1047 एक्टिव कोरोना केस हैं। जबकि पिछले हफ्ते यानी 19 मई तक सिर्फ 257 एक्टिव केस थे। एक हफ्ते में 750 से ज्यादा केस जुड़े। केरल में सबसे ज्यादा 430 एक्टिव केस मिले। इसके बाद दिल्ली में 104 एक्टिव केस हैं।

फिलहाल देश में कोरोना के 4 नए वैरिएंट मौजूद हैं, जो ओमिक्रॉन के सब-वैरिएंट हैं। 2021 में वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गनाइजेशन यानी WHO ने कोरोना के नए वैरिएंट B.1.1.529 को ओमिक्रॉन नाम दिया था।

इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च यानी ICMR के डायरेक्टर डॉ. राजीव बहल ने बताया कि दक्षिण और पश्चिम भारत से जिन वैरिएंट की सीक्वेंसिंग की गई है, वे LF.7, XFG , JN.1 और NB.1.8.1 सीरीज के हैं।

JN.1 भारत में सबसे आम वैरिएंट है, जो जीनोम सिक्वेंसिंग में करीब 53% सैम्पल्स में मिला है। इसकी शुरुआत अगस्त 2023 में लक्जमबर्ग में हुई थी। भारत में इसका पहला मामला केरल में दिसंबर 2023 में सामने आया। तब यह ज्यादा फैल नहीं पाया था। लेकिन अब यह तेजी से बढ़ रहा है।

अमेरिका के जॉन्स हॉपकिंस यूनिवर्सिटी के मुताबिक, JN.1 अन्य वैरिएंट की तुलना में ज्यादा आसानी से फैलता है, लेकिन यह बहुत गंभीर नहीं है। दुनिया के कई हिस्सों में यह सबसे आम वैरिएंट है। इसके लक्षण कुछ दिनों से लेकर हफ्तों तक रह सकते हैं। JN.1 को सबसे ज्यादा संक्रामक माना जा रहा है क्योंकि यह उन लोगों को भी संक्रमित कर सकता है जो पहले कोविड से ठीक हो चुके हैं। हालांकि, यह कोविड-19 की शुरुआती लहरों जितना घातक नहीं है।

इसका म्यूटेशन वायरस को ह्मन सेल्स में आसानी से एंट्री और इम्यून सिस्टम को नुकसान पहुंचाने में मदद करता है। JN.1 में करीब 30 म्यूटेशन्स हैं, जो इम्यूनिटी कमजोर करते हैं।

WHO ने इसे 'वैरिएंट ऑफ इंटरेस्ट' की कैटेगरी में रखा है, यानी यह निगरानी के लिए महत्वपूर्ण है। हालांकि यह अभी तक 'वैरिएंट ऑफ कन्सर्न' यानी डेल्टा या ओमिक्रॉन जितना खतरनाक नहीं माना गया है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अभी देश भर में कोरोना के 1047 एक्टिव केस हैं। दिल्ली के अपोलो स्पेक्ट्रा हॉस्पिटल में सीनियर कंसल्टेंट डॉ. संचयन रॉय के मुताबिक, नए कोरोना वैरिएंट्स भी पुराने कोविड-19 की तरह फैलते हैं...

ड्रॉपलेट्स: जब कोई संक्रमित व्यक्ति खांसता, छींकता या बात करता है, तो हवा में कुछ बूंदें फैलती हैं।

डायरेक्ट कॉन्टैक्ट: संक्रमित व्यक्ति के साथ डायरेक्ट कॉन्टैक्ट यानी सीधे या शारीरिक संपर्क से फैल सकता है। खासकर अगर कोई उनके चेहरे, आंख या मुंह को छूता है।

चीजों की सतह: ये वायरस चीजों की सतहों पर बना रह सकता है। दरवाजे के हैंडल या मोबाइल जैसी दूषित चीजों को छूने से संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है।

हवा में मौजूदगी: वायरस के छोटे-छोटे पार्टिकल्स हवा में रह सकते हैं, खासकर भीड़भाड़ वाले या खराब हवा वाली जगहों में।

नए वैरिएंट्स की फैलने की दर को रिप्रोडक्शन नम्बर यानी RO और ग्रोथ रेट से मापा जाता है। आसान भाषा में कहें तो एक संक्रमित व्यक्ति औसतन कितने लोगों को संक्रमित कर सकता है।

WHO के मुताबिक, JN.1 और LF.7 का RO 4 से 6 के बीच है, जबकि कोविड-19 का RO 2 से 4 के बीच था। कोविड-19 के मुकाबले JN.1 50-70% ज्यादा संक्रामक है, क्योंकि यह हवा में ज्यादा आसानी से फैलता है और इम्यूनिटी को कमजोर कर देता है। NB.1.8.1 और XFG का RO 5-7 के बीच है। डॉ. संचयन रॉय कहते हैं, 'जिन लोगों को पहले वैक्सीन लग चुकी हैं, उन्हें भी कोरोना का नया वैरिएंट संक्रमित कर सकता है। यह फैलने वाला इन्फेक्शन है, इसलिए किसी पेशेंट के संपर्क में आने से ये किसी को भी हो सकता है। यानी पुरानी वैक्सीन डोज नए वैरिएंट के असर को नहीं रोक सकती, लेकिन यह नए वैरिएंट के खतरे को कम जरूर कर देती है। पुराने वैक्सीनेशन की इम्यूनिटी अभी भी पूरी तरह से कमजोर नहीं हुई है। यह आपके शरीर को नए वैरिएंट से लड़ने में मदद जरूर कर सकती है।'

गुरूग्राम के मारेंगो एशिया हॉस्पिटल की डॉ. दीक्षा गोयल और दिल्ली के मैक्स हेल्थकेयर हॉस्पिटल के डॉ. संदीप बुद्धिराजा के मुताबिक, कोरोना के नए वैरिएंट 4 तरह के लोगों पर असर कर रहा है...

1. 65 साल से ज्यादा उम्र के बुजुर्ग: उम्र के बढ़ने के साथ इम्यून सिस्टम कमजोर होता है, जिससे JN.1, XFG और NB.1.8.1 जैसे वैरिएंट्स आसानी से संक्रमण फैला देते हैं। जिन बुजुर्गों ने बूस्टर डोज नहीं लिया, उनकी इम्यूनिटी कम हो रही है। वहीं शुगर, दिल की बीमारी और हाई ब्लडप्रेशर वाले बुगुर्जों में भी कोरोना का खतरा ज्यादा है।

2. एक साल से कम उम्र वाले बच्चे: कुछ देशों में 1 साल से कम उम्र वाले बच्चे भी कोरोना की पकड़ में आसानी से आ रहे हैं, हालांकि भारत में ऐसे मामले कम हैं। हाल ही में AIIMS ऋषिकेश में 3 नए मामले सामने आए, जिसमें एक बच्चा भी शामिल था। इस बच्चे को निगरानी में रखा गया है।

3. कमजोर इम्यूनिटी वाले हर उम्र के लोग: जिन लोगों की इम्यूनिटी कमजोर है या जिन्हें कैंसर, HIV या कोई बड़ी बीमारी है, उन पर कोरोना के वैरिएंट ज्यादा असर डाल रहे हैं। इन लोगों में वैक्सीन से बनी एंटीबॉडीज कमजोर हो सकती है, क्योंकि इनकी इम्यूनिटी इसे झेलने में असमर्थ हो जाती है।

4. ज्यादा सफर करने वाले लोग: देश-विदेश में ज्यादा सफर करने वाले लोगों में कोरोना फैलने का खतरा ज्यादा है, क्योंकि कोरोना के सभी वैरिएंट्स विदेशों से भारत में आएं हैं। फ्लाइट्स और ट्रेनों में वायरस आसानी से फैल जाता है। हाल ही में नोएडा में 55 साल की एक महिला ट्रेन से सफर करके लौटी, जिसे XFG संक्रमण हो गया। इसके अलावा जिन लोगों को पहले से स्वास्थ संबंधी समस्याएं हैं और जिन्होंने पूरा वैक्सीनेशन नहीं कराया, उन्हें कोरोना होने का खतरा बना हुआ है। दरअसल, वैक्सीन की इम्यूनिटी समय के साथ कम होती है और बूस्टर डोज न लेने से जोखिम बढ़ जाता है।

डॉ. संचयन रॉय के मुताबिक, नए कोरोना वैरिएंट्स से बचने के लिए सभी पुराने तरीकों का इस्तेमाल करना होगा, जो कोविड-19 के दौरान किए थे।

कोरोना के नए वैरिएंट से बचने के लिए वैक्सीनेशन मौजूद है, लेकिन इसके लिए एहतियात बरतने जरूरी हैं, क्योंकि वैक्सीनेशन नए वैरिएंट का असर होने से रोक नहीं सकती।'

कोरोना के नए वैरिएंट्स से लड़ने के लिए 3 प्रमुख वैक्सीन हैं...

फाइजर-बायोएनटेक: इसे 2023-24 में अपडेट किया गया। यह खासतौर पर ओमिक्रॉन XBB.1.5 और इसके सब-वैरिएंट्स यानी JN.1, LF.7, XFG) के लिए बनाई गई है। अमेरिका के सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल यानी CDC के मुताबिक, यह संक्रमण को रोकने में 50-60% कारगर है।

मॉडर्ना: इसे 2024 में अपडेट किया गया और यह NB.1.8.1, LF.7, XFG वैरिएंट्स के लिए इस्तेमाल की जाती है। यह कोरोना के लक्षणों को हल्का और कम करने में मदद करती है।

नोवावैक्स और कोवोवैक्स: यह एक ही वैक्सीन के दो अलग-अलग ब्रांड के नाम हैं, जिन्हें NVX-CoV2373 कहा जाता है। यह प्रोटीन सब-यूनिट वैक्सीन है, जिसे SARS-CoV-2 वायरस के स्पाइक प्रोटीन के हिस्से से बनाया गया। यह प्रोटीन वायरस की तरह दिखती है, लेकिन बीमारी नहीं फैलाती। यह JN.1 समेत सभी वैरिएंट्स के खिलाफ 80-90% तक कारगर है।

डॉ. संचयन रॉय कहते हैं, 'लॉकडाउन जैसी स्थिति अभी नहीं बन सकती। कोविड-19 के दौरान वायरस नया था और ह्मन बॉडी में उससे लड़ने की केपेबिलिटी नहीं थी। लॉकडाउन एक स्ट्रैटजिक इवेंट था, जिससे लोगों को संक्रमण से बचाने और मरीजों से दूर रखाने के लिए हुआ था। अभी इतने गंभीर हालात नहीं हैं कि लॉकडाउन लगाया जाए। अभी स्थिति कंट्रोल में है और नया वैरिएंट पुराने कोविड-19 की तरह खतरनाक नहीं है। यह तेजी फैल जरूर रहा है, लेकिन उतना ज्यादा असर नहीं डाल सकता।'

अगर आने वाले समय में नए और ज्यादा खतरनाक वैरिएंट्स आए तो जरूरत पड़ने पर लॉकडाउन लगाया जा सकता है, लेकिन फिलहाल ऐसा कुछ नहीं होने वाला है। हालांकि, भारत सरकार ने नए वैरिएंट्स के लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं। देशभर के अस्पतालों में एक्स्ट्रा बिस्तरों की व्यवस्था की जा रही है और ऑक्सीजन की पूर्ति भी की जा रही है।

कोरोना गया नहीं, बस कमजोर पड़ा था। वैरिएंट के नए खेल में विज्ञान को एक बार फिर सतर्कता और त्वरित प्रतिक्रिया से जवाब देना होगा। सरकार और नागरिकों की सामूहिक जागरूकता ही भारत को एक और लहर से बचा सकती है।

## रॉयल पत्रिका संपादकीय

## कुछ वर्षों में बिखरने लगी है प्रकृति की गति और लय

प्रकृति की अपनी गति होती है, लेकिन दुख की बात है कि उसकी लय पिछले कुछ वर्षों में बिखरने लगी है। पिछले कुछ दिनों में देश के अलग-अलग हिस्से में कहीं तेज आंधी चली, तो कहीं मूसलाधार बारिश ने कहर बरपाया। दरअसल, वैश्विक ताप बढ़ने के साथ न केवल भारत में, बल्कि दुनियाभर में मौसम का चक्र टूट रहा है। दिल्ली में पिछले कुछ दिनों में अप्रत्याशित आंधी-बारिश आई। राजधानी सहित देशभर के ज्यादातर हिस्से में जहां मई में भीषण गर्मी पड़ती है, वहीं इस बार मौसम इस कदर बदला कि लोगों को विश्वास ही नहीं हुआ कि यह बारिश का मौसम है या गर्मी का।

मौसम विभाग ने ही बताया कि पिछले शनिवार को हुई बारिश ने 125 वर्ष का रेकार्ड तोड़ दिया। कई जगहों पर पेड़ उखड़ गए और रिहाइशी इलाकों में भी काफी नुकसान हुआ। राजधानी में तेज आंधी और बारिश के बाद यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या इसे सहज माना जाए या फिर जलवायु परिवर्तन की चेतावनी समझा जाए। हाल ही में बंगलुरु में लगातार बारिश से जन-जीवन थम-सा गया। घरों में पानी घुस गया। सड़कों पर नावें भी चलीं। महाराष्ट्र में भी कमोबेश यही स्थिति पैदा हुई। दूसरी ओर मानसून ने केरल में इस बार समय से पहले दस्तक दे दी है। हैरत की बात यह है कि कोई पंद्रह साल बाद यह सबसे जल्दी आया है। यह आमतौर पर एक जून को आता है, लेकिन इस वर्ष यह न केवल पहले आया, बल्कि देखते ही देखते कर्नाटक और तमिलनाडु के कुछ हिस्सों पर भी छा गया।

भारत में मौसम के बदलते मिजाज की यह नई तस्वीर है। हालांकि मौसम विशेषज्ञों का मानना था कि अरब सागर और बंगाल की खाड़ी से आने वाली नम हवाओं से मौसम बदला। मगर इसके बाद मौसम इस कदर पलटेगा और भयावह तूफान आएगा, इसका अंदाजा किसी को नहीं था। विचित्र बात है कि एक ओर दक्षिण-पश्चिम भारत में बारिश हो रही है, तो उत्तर और उत्तर-पश्चिम भारत के कई राज्य भीषण गर्मी की चपेट में हैं। कहीं तेज हवाएं चलने के कारण लोगों को सतर्क किया जा रहा है, तो कहीं आंधी चलने की चेतावनी जारी की जा रही है। मौसम के बदलते तेवर के जोखिम से जनहानि का अंदेशा भी बना रहता है। वहीं रेल और हवाई यातायात पर असर पड़ता है। पिछले दिनों कई उड़ानों के मार्ग बदलने पड़े।

## सारा संसार



कोलुक्कुमालाई तमिलनाडु के थेनी जिले में स्थित एक छोटा सा गाँव है। कोलुक्कुमलाई दुनिया में सबसे ऊंचे चाय बागानों के लिए प्रसिद्ध एक छोटा सा गांव है, जो चाय को एक विशिष्ट स्वाद देता है। प्रसिद्ध चाय कारखानों में से एक जहां वे पारंपरिक तरीके से चाय को संसाधित करते हैं।

## जयंती विशेष

प्रभात मिश्र

## सावरकर-पुण्य स्मरण

*'यस्मीन जीवति जीवन्ति बहव:स तु जीवतु' अर्थात जिनके जीने से अनेकों को जीवन मिलता है,वे सदा जीते रहें -पंचतंत्रम*

सावरकर के दिव्य योगदानों को कुछ शब्दों ,वाक्यों एवं आलेखों में बांध पाना संभव होगा, ऐसा मैं नहीं मानता। वीर सावरकर नाट्यकार, उपन्यासकार, व्यंग्यकार, भाषा सुधारक, लिपि सुधारक, दार्शनिक, चिंतक, युगदृष्टा, समाज सुधारक, क्रांति वीर, हिन्दी भाषा मंदिर के अनन्य पुजारी... और न जाने कितने उपमान सावरकर अपने आप मे समटे हुए दिखते हैं। सावरकर का कृतित्व तब और अधिक स्मरणीय हो जाता है, जब वर्तमान में हमारे राष्ट्र को कमजोर करने के लिए पडोसी दृश्य अदृश्य शत्रु देश दुरभिसंधि करते हैं और उन्हे भारत के भीतर से कुछ षड़यंत्रकारी शक्तियों के द्वारा कुचक्र रच समर्थन दिए जाते हैं तब सावरकर के दिए सिद्धांत उन कुचक्रों को भंग करते तोड़ते दिखते हैं। समाज जीवन में उनके आग्रह को भूतो न भविष्यति के रूप में उनके इस कथन से समझा जा सकती है-If they come with us, with them, if they do not, withoout them and if they oppose in spite of them we will go on and achieve our gole. तात्पर्य यदि तुम हमारे साथ आते हो तो तुम्हारे साथ, साथ नहीं आते हो तुम्हारे बिना और यदि तुम विरोध करते हो तुम्हारे विरोध के रहते भी हम अपना स्वातंत्र्य युद्ध चलाएंगे और उसमें सफल होंगे। वीर सावरकर ने सप्रमाण चेतावनी देते हुए एवं ऐतिहासिक दृष्टि से सचेत करते हुए कहा था कि धर्मांतरण ही राष्ट्रांतरण है जिसके व्यापक दुष्परिणाम आज भी देखने में आ रहे हैं। परंतु क्या हम उन प्रश्नों पर विचार कर समाधान दे पा रहे हैं? यह वीर सावरकर की इस जयंती पर यक्ष प्रश्न है ।



सावरकर की पुस्तक हिन्दुत्व के पंच प्राण और छः स्वर्णिम पृष्ठ,1857 की क्रांति प्रथम स्वातंत्र्य समर , का अध्ययन प्रत्येक उन पाठकों को करना चाहिए जो राष्ट्र को सबल बनाने का स्वप्न देख रहे हैं। वहीं उनकी दो कृतियां मोपला और गोमांतक उपन्यास पढ़ने के पश्चात बहुत कुछ समझा जा सकता है। ऐसा माना जाता है कि किसी भी समाज को, जाति-धर्म या राष्ट्र को निस्तेज करना तो उसके गौरवशाली इतिहास को नष्ट कर दिया जाए। सावरकर की लेखनी इसका प्रत्युत्तर है कि उन्होंने अपने हर प्रयास में इतिहासबोध लेखन को सर्वोच्च प्राथमिकता दी ताकि भारतीय जन मानस मे स्वबोध का जागरण उदित हो सके , हिन्दी भाषा के अनेक शब्दों का आविष्कार सावरकर की देन है जिसका हिन्दी भाषी समाज सदैव ऋणि था है और रहेगा यह अत्यंत दुर्भाग्यजनक है कि उनके योगदानों को विस्मृत कर उन्हें लांक्षित करने का प्रयास किया जाता रहा है। जिसे माकूल जवाब भी दिया जाना अनिवार्य प्रतीत होता है। सावरकर के विचार, साहित्य ऐसे समय मे हमारे लिए अत्यंत प्रासंगिक हो जाते हैं जब हमें सीमापार से अस्थिर करने के प्रयास किए जाते हों इस अस्थिरता का एक प्रतिउत्तर है सावरकर संकल्प चरैवेति चरैवेति ।।

*-लेखक प्रांतीय संयोजक अखिल भारतीय साहित्य परिषद छत्तीसगढ़*

## पूजा वह है, जो परिपूर्णता से उत्पन्न हो



संकलित

दर्शन

यजमान को देश-काल के सातत्य में उसके जन्म के नक्षत्र, जन्म राशि, पैतृक वंश, गोत्र, पूरा नाम, पिता का नाम आदि द्वारा भी परिभाषित किया जाता है। इसके बाद यजमान द्वारा संकल्प लिया जाता है। वस्तुतः संकल्प कभी लिया नहीं जाता, बल्कि उसे छोड़ दिया जाता है या भगवान के चरणों में समर्पित कर दिया जाता है। जब यजमान पूर्ण विश्वास के साथ अपना संकल्प देवत्व के चरणों में छोड़ देता है कि जो भी उसके लिए सही होगा, वह अवश्य होगा, वह पूजा में बैठने के योग्य हो जाता है। पूजा वह है, जो परिपूर्णता से उत्पन्न होती है। जब आप अपनी सभी इच्छाओं, सभी परेशानियों और शिकायतों को दिव्यता के चरणों में छोड़ देते हैं, तभी आप परिपूर्ण प्रतीत कर सकते हैं। तभी आप पूजा में बैठने लायक बन सकेंगे। तभी आप पूजा का हिस्सा बन सकते हैं। रुद्र पूजा में शिव-तत्व का उसकी पूरी भव्यता के साथ आह्वान किया जाता है। भक्त मंत्रों की तरंगों में डूब जाते हैं। मन ध्यान की अवस्था में पहुंच जाता है। संपूर्ण वातावरण शिव-तत्व से आवेशित हो जाता है। भक्त शिव-तत्व के साथ एक हो जाते हैं। शिव वह परोपकारी ऊर्जा हैं, जो परिवर्तन करती है और बाधाओं को दूर करती है। संकल्प आसानी से सर्वव्यापी दिव्यता तक संप्रेषित हो जाते हैं और उस सर्वव्यापी, सर्वज्ञ, सर्वशक्तिमान दिव्यता के लिए कुछ भी असंभव नहीं है। सभी हितकारी मनोरथ फलदायी होते हैं। सारी बाधाएं दूर हो जाती हैं। जीवन गतिमान होता है।

## जब मन अशांत हो तो कोई बड़ा निर्णय न लें



संकलित

प्रेरणा

गौतम बुद्ध शिष्यों के साथ यात्राएं करते रहते थे। यात्रा में जगह-जगह ठहरते भी थे। एक बार बुद्ध शिष्यों के साथ यात्रा कर रहे थे तो उनके शिष्य चलते-चलते थक चुके थे। बुद्ध के शिष्यों ने कहा कि तथागत हमें कुछ देर विश्राम करना चाहिए, हम थक चुके हैं। शिष्यों की बात मानकर बुद्ध एक छायादार पेड़ के पास रुक गए। बुद्ध ने शिष्य आनंद से कहा कि मुझे प्यास लगी है, पास में ही एक झरना बहता दिख रहा है। तुम वहां जाकर पीने का पानी ले आओ। बुद्ध की आज्ञा पाकर आनंद झरने के पास पहुंच गया। झरने के पास आनंद ने देखा कि पानी में से एक बैलगाड़ी गुजर रही है। बैलगाड़ी की वजह से पानी बहुत गंद हो गया था। नीचे की मिट्टी ऊपर दिखने लगी है। गंदा पानी देखकर आनंद बुद्ध के पास लौट आया। आनंद ने बुद्ध से कहा कि तथागत वहां का पानी तो बहुत ज्यादा गंदा है। इसलिए मैं लेकर नहीं आया। बुद्ध ने आनंद से कहा कि तुम कुछ देर बाद फिर जाना और इस बार भी पानी गंदा दिखे तो कुछ देर वहीं बैठ जाना, साफ पानी मिल जाएगा। बुद्ध की बात मानकर आनंद पानी के पास पहुंच गया। पानी गंदा दिखा तो वह तालाब के किनारे पर ही बैठ गया। थोड़ी देर बाद पानी की हलचल शांत हो गई, धीरे-धीरे मिट्टी नीचे बैठ गई, ऊपर बहता पानी एकदम साफ हो गया। आनंद पानी लेकर बुद्ध के पास पहुंच गया। बुद्ध ने पानी पीने के बाद सभी शिष्यों से कहा कि हमारे जीवन में भी कई बार ऐसी ही परिस्थितियां बनती हैं, जब हमारा मन गंदे पानी की तरह अशांत हो जाता है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### विज्ञान, लोकतंत्र और बच्चों के संरक्षक पंडित नेहरु

भारतीय इतिहास में 27 मई का दिन केवल एक तिथि नहीं बल्कि एक युग के अवसान का प्रतीक है। यह वही दिन है, जब भारत ने अपना पहला प्रधानमंत्री, एक दूरदर्शी नेता, एक मानवतावादी चिंतक और बच्चों के चहेते 'चाचा नेहरु' को सदा के लिए खो दिया था। पंडित जवाहरलाल नेहरु न केवल भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी सेनानी थे बल्कि आजादी के बाद आधुनिक भारत की नींव रखने वाले प्रमुख शिल्पी भी थे। उनका जीवन भारतीय राजनीति और समाज के पुनर्निर्माण की यात्रा का वह अध्याय है जिसे बार-बार पढ़ा जाना चाहिए। नेहरु का सपना केवल एक स्वतंत्र भारत नहीं था बल्कि ऐसा भारत था, जो वैज्ञानिक सोच, लोकतांत्रिक मूल्यों, सामाजिक समरसता और शिक्षा के उजास से आलोकित हो। *-सुमीत यदु, राजनांदगांव*

## करंट अफेयर

### एवरेस्ट फतह के उपलक्ष्य में 100 पर्वतारोही सम्मानित

हिमालय की सबसे ऊंची चोटी एवरेस्ट पर एडमंड हिलेरी और तेनजिंग नोर्गे द्वारा पहली सफल चढ़ाई की याद में मंगलवार को नेपाल में सम्मानित किए गए 100 से अधिक पर्वतारोहियों में 10 भारतीय पर्वतारोही भी शामिल हैं। पर्यटन, संस्कृति और नागरिक उड्डयन मंत्री बद्री पांडे ने 29 मई को अंतरराष्ट्रीय एवरेस्ट दिवस से पहले एवरेस्ट पर चढ़ाई करने वाले नेपाली और अंतरराष्ट्रीय पर्वतारोहियों को सम्मानित किया। पांडे ने कहा, 'नेपाल सरकार न केवल पर्वतीय पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है, बल्कि हम पर्वतारोहियों की सुरक्षा और भविष्य की पीढ़ियों के लिए हिमालय के संरक्षण को लेकर भी चिंतित हैं।' उन्होंने कहा, 'हमें आने वाली पीढ़ियों के लिए पहाड़ों की देखभाल और सुरक्षा करनी चाहिए।' नेपाल, भारत, चीन, ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, सिंगापुर, फिलीपीन, फलस्तीनी क्षेत्र और ब्रिटेन सहित अन्य देशों के 100 से अधिक पर्वतारोहियों को प्रशंसा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। 'एवरेस्ट एलायंस नेपाल' द्वारा आयोजित 'एवरेस्ट पर्वतारोही सम्मेलन' में भारत के 10 पर्वतारोहियों को सम्मानित किया गया जिनमें आशीष सिंह, निशा कुमारी, अनुजा वैद्य, बलजीत कौर, सुविधा कदलाग, सूर्य प्रकाश, शेख हिमांशु, सत्यरूप सिद्धांत, ज्योति रात्रे और अदिति शामिल हैं।



## ऑफ बीट

### गणित के पठन-पाठन में काफी अंतर आया है

पाइथागोरस का प्रमेय आज भी उतना ही सटीक है जितना सदियों पहले इसकी खोज के समय था, और यह आगे भी उतना ही सटीक रहेगा। लेकिन आज के शिक्षक भी गणित को उस समय की तुलना में बहुत अलग तरीके से पढ़ाते हैं जब माता-पिता स्कूल में थे। मानसिक संबंध प्रक्रियाएं नहीं। पिछले 30 वर्षों में गणित के पठन-पाठन में परिवर्तन आया है। कंप्यूटर प्रौद्योगिकी के विकास के साथ तालमेल बिठाने के लिए गणित शिक्षण भी बदल गया है। यह बचपन से लेकर 12वीं कक्षा तक गणित की शिक्षा को प्रभावित कर रहा है। किसी भी चीज़ के अलावा, हम जानते हैं कि सूचना और संचार प्रौद्योगिकी में दक्षता छात्रों को उस दुनिया के लिए शिक्षित करने की कुंजी है जिसमें वे रहेंगे और काम करेंगे। एक उदाहरण के रूप में, गतिशील ज्यामिति सॉफ्टवेयर के उपयोग का मतलब है कि शिक्षक ग्राफ़ के परिवर्तनों को तुरंत दिखा सकते हैं, जिससे छात्रों को चर कैसे काम करते हैं इसकी गहरी समझ मिलती है, जिससे छात्रों को इन अवधारणाओं को ग्राफ़ की एक विस्तृत श्रृंखला पर लागू करने में मदद मिलती है।




## ट्रेंड

### नक्सलियों के अड्डे ध्वस्त

ऑपरेशन ब्लैकफॉरेस्ट में सुरक्षा बलों ने छत्तीसगढ़ की दुर्गम पहाड़ियों पर बने नक्सलियों के अनेक अड्डों को ध्वस्त किया। छत्रपति शिवाजी महाराज जी की भूमि पर फिर से दोहराता हूँ कि 31 मार्च 2026 तक भारत नक्सलवाद से मुक्त हो जाएगा।

-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री



### निवेश योजनाओं पर चर्चा

कुप्पम में श्रीजा दूध उत्पादक संगठन और मदर डेयरी के प्रतिनिधियों से मुलाकात की। हमने शून्य गरीबी को प्राप्त करने के लिए उनकी परिवर्तनकारी निवेश योजनाओं पर चर्चा की, जो स्वर्ण आंध्र के लिए हमारे दृष्टिकोण के अनुरूप है। इससे रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

-एन. चंद्रबाबू नायडू, सीएम, आंध्र प्रदेश



### मंदिरों पर सरकारी कब्जा

बड़े मंदिरों पर सरकार के प्रबंधन के बहाने भाजपा अप्रत्यक्ष रूप से अपना कब्जा करती जा रहे है। जो परंपरागत रूप से इनका प्रबंधन-संचालन करते आ रहे हैं, उनसे सेवा-भाव के अधिकार छीने जा रहे हैं।

-अखिलेश यादव, सपा सांसद



### नॉट फाउंड सूटेबल

'नॉट फाउंड सूटेबल' अब नया मनुवाद है। एससी /एसटी/ओबीसी के योग्य उम्मीदवारों को जानबूझकर 'अयोग्य' ठहराया जा रहा है ताकि वे शिक्षा और नेतृत्व से दूर रहें। यह हक, सम्मान और हिस्सेदारी की लड़ाई है।

-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद



रॉयल पत्रिका

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में संशोधित पीकेसी लिंक परियोजना को मिल रही गति

## -मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की तत्परता से क्रियान्विति हो रही सुनिश्चित



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्ग-दर्शन और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार महत्वाकांक्षी संशोधित पार्वती-कालीसिंध-चम्बल लिंक परियोजना (राम जल सेतु लिंक परियोजना) को धरातल पर लागू करने के लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रही है। इसी क्रम में परियोजना के प्रथम चरण में चम्बल नदी पर एक्काडक्ट निर्माण के लिए राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड (एनबीडब्ल्यूएल) से स्वीकृति के बाद मुख्य वन्य जीव प्रतिपालक ने अन्तिम स्वीकृति प्रदान कर दी है।

भजनलाल शर्मा ने कहा कि इस एक्काडक्ट के माध्यम से रामगढ (कूल नदी), महलपुर (पार्वती नदी) व नवनेरा (कालीसिंध नदी) बैराज का पानी चम्बल नदी को पार करके मेज बैराज में डाला जाएगा तथा बीसलपुर और ईसरदा बांध तक लिफ्ट के माध्यम से ले जाया जा सकेगा। 2280 मीटर लम्बाई के इस एक्काडक्ट का एक छोर कोटा के पीपल्दासमेल गांव और दूसरा छोर बून्दी के गुहाटा गांव से जुड़ेगा। इससे कोटा की सुल्तानपुर तहसील के लोगों को बून्दी से गुजर रहे कोटा-सवाईमाधोपुर हाईवे से पक्की सड़क द्वारा एक अतिरिक्त मार्ग उपलब्ध होगा। साथ ही, परियोजना में नवनेरा बैराज से मेज एनिकट तक फीडर निर्माण की कार्यवाही को गति मिलेगी।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश के 17 जिलों को पेयजल एवं सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराने वाली इस परियोजना के प्रथम चरण के अंतर्गत 9400 करोड़ रुपये के कार्यादेश जारी कर योजना की क्रियान्विति शुरू कर दी गई है। इस चरण में पैकेज-2 के अन्तर्गत चम्बल नदी पर एक्काडक्ट का निर्माण किया जा रहा है।

# शिक्षा मंत्री ने 12वीं कक्षा में 93 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले विद्यार्थियों का किया सम्मान




जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि माध्यमिक शिक्षा के परीक्षाओं के परिणाम पिछले सालों से बेहतर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कक्षा 12वीं का कला संकाय का परीक्षा परिणाम वर्ष 2022-23 के मुकाबले वर्ष 2024-25 में 9.73 प्रतिशत बढ़ा है। विज्ञान संकाय के परीक्षा परिणाम में वर्ष 2022-23 के मुकाबले 2024-25 में 2.81 प्रतिशत बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने कहा कि सभी संकायों का औसत परीक्षा परिणाम देखें तो वर्ष 2022-23 के मुकाबले 6 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। उन्होंने कहा कि पिछले दो सालों में हमारी सरकार द्वारा शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में उठाए गए कदमों तथा शिक्षकों द्वारा की जा रही मेहनत का परिणाम दिखाई दे रहा है। उन्होंने इसके लिए शिक्षकों एवं अभिभावकों दोनों को बधाई दी।

शिक्षा मंत्री मंगलवार को कोटा के ज्ञान ज्योति कॉन्वेन्ट स्कूल में माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान की उच्च माध्यमिक परीक्षा 2025 में सभी संकायों में सर्वश्रेष्ठ अंक अर्जित करने वाले प्रतिभावान विद्यार्थियों के सम्मान एवं संवाद कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज जिन बच्चों का सम्मान किया गया है उनमें 12वीं कक्षा के कला संकाय में 93 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले 77 बच्चे सरकारी स्कूलों से हैं जबकि 25 बच्चे निजी स्कूलों से हैं। उन्होंने कहा कि तीनों संकायों में 93 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले 152 बच्चे सरकारी स्कूलों से जबकि 113 बच्चे निजी स्कूलों से हैं।

दिलावर ने इस बार के परीक्षा परिणाम में छात्राओं के छात्रों से आगे निकलने पर खुशी जताते हुए कहा कि हमारी बालिकाएं आज सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ रही हैं। वे वायु सेना में भर्ती होकर लड़ाकू विमान उड़ा रही हैं तो थल सेना में भी अपना पराक्रम दिखा रही हैं।

# ऊर्जा संरक्षण की दिशा में मिसाल बना आवासन मंडल



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान आवासन मण्डल ने ऊर्जा संरक्षण की दिशा में मिसाल कायम की है। भारत सरकार के ऊर्जा मंत्रालय के अधीनस्थ प्रतिष्ठित ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिशिएंसी (BEE) द्वारा मुख्यालय भवन "आवास भवन" को 5 स्टार रेटिंग से सम्मानित किया गया है। यह उपलब्धि भवन की ऊर्जा दक्षता, पर्यावरणीय उत्तरदायित्व और सतत विकास के प्रति मण्डल की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इस उपलब्धि को राजस्थान में सरकारी भवनों के लिए एक प्रेरणास्रोत के रूप में देखा जा सकता है।

ऊर्जा प्रदर्शन सूचकांक (Energy Performance Index - EPI) भवन के डिजाइन और निर्माण के दौरान ऊर्जा दक्षता का मूल्यांकन करता है। यह ऊर्जा उपयोग का माप है, जो प्रति वर्ग मीटर या प्रति व्यक्ति ऊर्जा खपत को दर्शाता है। EPI का उपयोग करके ऊर्जा दक्षता में सुधार के लिए बेहतर इंसुलेशन, अधिक कुशल उपकरण या नवीकरणीय ऊर्जा का उपयोग किया जाता है। इसका उपयोग ऊर्जा दक्षता को मापने व सुधारने में किया जाता है। ऊर्जा मंत्रालय, भारत सरकार के BEE द्वारा राजस्थान आवासन मण्डल, आवास भवन (मुख्यालय) के बिल्ट-अप एरिया 18513.75 वर्ग मीटर, connected load 250 KW, तथा तय मानकों के आधार पर EPI – 14.3 kWh/(sqm/year) पर 5 स्टार रेटिंग प्रदान की गई है।

इस अवसर पर आवासन आयुक्त डॉ. रश्मि शर्मा ने कहा की यह सम्मान हमारे लिए अत्यंत गर्व की बात है, और यह हमारी टीम के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। हम ऊर्जा दक्षता जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र में योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध हैं और प्रयासरत है कि हमारी आवासीय योजनाओं में भी हम 5 स्टार रेटिंग प्राप्त करें।

# मानसून से पहले करें बाढ़ नियंत्रण एवं बचाव के समस्त आवश्यक इंतजाम

## - जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की बैठक में की मानसून पूर्व तैयारियों की समीक्षा



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने अधिकारियों को मानसून सीजन से पहले बाढ़ नियंत्रण एवं बचाव के सभी आवश्यक इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। कलक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें मानसून पूर्व तैयारियों की समीक्षा की गई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने विभागीय अधिकारियों को अलर्ट मोड पर रहते हुए आपसी समन्वय स्थापित करते हुए बाढ़ नियंत्रण एवं बचाव कार्यों को सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने जयपुर विकास प्राधिकरण, नगर निगम जयपुर ग्रेटर एवं जयपुर हैरिटेज के अधिकारियों को सिवरेज एवं नालों की गुणवत्तापूर्ण सफाई का कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करने, सफाई के बाद सड़क पर जमा कीचड़ एवं गंदगी का उठाव करवाने, खुले सिवरेज के खुले चैंबर्स और मेनहोल पर ढक्कन लगवाने एवं नालों पर फैरो कवर लगवाने के निर्देश दिये। जिला कलक्टर ने बाढ़ नियंत्रण कक्षों की स्थापना के साथ-साथ मिट्टी के कट्टों, ट्रेक्टर-ट्रॉलियों, जेसीबी, पोकलेन, मडपंप, सहित मानव संसाधन की उपलब्धता भी सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया।

बैठक में जिला कलक्टर ने विद्त विभाग के अधिकारियों को ढीले तारों को कसने, झुके हुए बिजली के पोलों को सीधा करने, खुले फीडरों बंद करने, खुले तारों को दुरुस्त करने एवं लो-लाइन पैनल बॉक्स एवं ट्रांसफार्मर को ऊंचाई पर लगवाने एवं मानसून सीजन के दौरान निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने, जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को पाइप लाइन की लीकेज दुरुस्त करने, आवश्यकता होने पर टैंकरों से पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था करने के निर्देश दिये। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को जिले के सभी बांधों पर सहज दृश्य एवं बड़े अक्षरों में अंकित चेतावनी बोर्ड लगवाने के निर्देश दिये। उन्होंने पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों को जिले के सभी छोटे बड़े तालाबों पर चेतावनी बोर्ड लगावाने के निर्देश दिये। बैठक में सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों को रपट क्षेत्र एवं लो-लाइन एरिया की टूट, रेलिंग एवं जंजीर को दुरुस्त करवाने, बांधों की आवश्यकता अनुसार मरम्मत करवाने के लिए निर्देशित किया गया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि अतिवृष्टि होने पर भूमि कटाव और जलभराव से निपटने एवं रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता रखी जाए।

# कोरोना के केस सामने आने के बाद चिकित्सा मंत्री ने ली बैठक अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। देशभर में कोरोना के केस सामने आने के बाद चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा—निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि भारत सरकार के अनुसार कोरोना का वर्तमान मे सामने आया वैरियंट घातक नहीं है, लेकिन आमजन खांसी—जुकाम या बुखार जैसे लक्षण नजर आने पर सामान्य एहतियात बरतते हुए चिकित्सा संस्थान जाकर आवश्यक परामर्श, जांच एवं उपचार लें।

खींवसर ने कहा कि संवेदनशील वर्ग जैसे बुजुर्ग, गर्भवती महिलाएं, गंभीर बीमारियों से ग्रसित रोगी एवं बच्चे कोरोना के केसेज को देखते हुए स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। आईएलआई के लक्षण नजर आने पर चिकित्सक से परामर्श लें एवं भीड़—भाड़ से बचें। उन्होंने चिकित्सा विभाग के अधिकारियों से कहा कि चिकित्सा विशेषज्ञों ने वर्तमान स्थितियों के दृष्टिगत कोरोना से ज्यादा खतरा नहीं बताया है, लेकिन चिकित्सा संस्थानों में जांच, दवा एवं उपचार के लिए आवश्यक इंतजाम रखे जाएं, ताकि आईएलआई लक्षणों के मरीजों को जरूरी जांच एवं उपचार मिल सके।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव श्रीमती गायत्री राठौड़ ने ऑक्सीजन प्लांट्स की क्रियाशीलता पर बल देते हुए कहा कि प्रदेश में विभिन्न चिकित्सा संस्थानों में स्थापित ऑक्सीजन प्लांट्स की नियमित मॉनिटरिंग की जाए। इनकी क्रियाशीलता सुनिश्चित करने के साथ ही बंद ऑक्सीजन प्लांट्स को शीघ्र ठीक करवाएं। उन्होंने कहा कि भारत सरकार की ओर से कोरोना के संबंध में समय—समय पर जारी दिशा—निर्देशों की पालना की जाए।

**प्रदेश में मंगलवार को 9 केस सामने आए—**

निदेशक जनस्वास्थ्य डॉ. रवि प्रकाश शर्मा ने बताया कि प्रदेश में मंगलवार को कोरोना के 9 केस सामने आए हैं।

उन्होंने बताया कि 2 केस एम्स जोधपुर में, 2 सवाई मानसिंह अस्पताल जयपुर में तथा 4 केस बी लाल लैब जयपुर एवं 1 केस अनाविक डायग्नोस्टिक सेंटर जयपुर में आया है। इस वर्ष अब तक 32 केस सामने आ चुके हैं। इनमें अजमेर में 2, बीकानेर में एक, डीडवाना में 3, जयपुर में 13, जोधपुर में 6, फलौदी में 1, सवाई माधोपुर में एक, उदयपुर में 4 एवं एक अन्य केस सामने आया है।

# बलाई विकास समिति ने पीड़ित परिवारों की मदद के लिए दिया 21-21 हजार रुपए का आर्थिक सहयोग

जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। आमेर तहसील के सेवापुरा-रामपुरा निवासी पूरणमल बुनकर और उनके इकलौते पुत्र योगेश बुनकर व ईसरावाला निवासी सुखदेव बुनकर की चौमूं-रेनवाल रोड़ पर हादसे में हुई मौत के बाद लोग मदद के लिए आगे आ रहे है। बलाई विकास समिति, जयपुर (मुख्यालय-चौमूं) के कार्यकारिणी पदाधिकारियों एवं समाजबंधुओं ने सेवापुरा-रामपुरा निवासी बिरदी देवी पत्नी पूरणमल बुनकर व रेखा जेवरिया पत्नी योगेश बुनकर को 21 हजार रुपए का नकद आर्थिक सहयोग दिया। वही ईसरावाला निवासी संतोष देवी पत्नी सुखदेव बुनकर को 21 हजार रुपए का नकद आर्थिक सहयोग दिया। साथ ही अनंतपुरा चिमनपुरा निवासी एडवोकेट रविराज बिदांवत ने भी सेवापुरा-रामपुरा बिरदी देवी व रेखा जेवरिया को 21 हजार रुपए का नकद आर्थिक सहयोग दिया। इस दौरान समिति अध्यक्ष एडवोकेट बद्री नारायण परिहार, महासचिव सुरेन्द्र सिंह हरसोलिया, कोषाध्यक्ष घनश्याम कांदेल, उपाध्यक्ष नाथूलाल बराला, कालूराम सामरिया, एडवोकेट राधेश्याम बुनकर, राजपाल सिंह नारनोलिया, सचिव सांवरमल छेड़वाल, गोपाल लाल डुमोलिया, मूलचंद बॉयला, प्रहलादराय जाटावत, संगठन सचिव गोपीराम मेहरड़ा, हरिनारायण मरोड़िया, सदस्य घीसालाल बबेरवाल, गुलाबनाथ बुढगाया, एलआईसी विकास अधिकारी सुरेश कुमार मेहरिया, एडवोकेट रविराज वर्मा, सीताराम जेवरिया आदि समाजबंधु ने भी सहयोग किया।

# राज्यपाल ने ली जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक

## -योजनाओं का लाभ हर पात्र तक प्रभावी रूप में पहुंचे- राज्यपाल



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने मंगलवार को डूंगरपुर में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने इस दौरान विभिन्न केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए। उन्होंने शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान शिक्षा विभाग में जिले में कुल विद्यालय और नामांकन की सूचना, पीएम विद्यालय, जिले में शिक्षकों के पद तथा रिक्त पदों एवं बोर्ड परिणामों की जानकारी ली। उन्होंने विभिन्न छात्रावासों में योजना बनाकर शैक्षिक और सह शैक्षिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के निर्देश दिए।

उन्होंने प्राथमिक स्तर से ही बच्चों में सर्वागीण विकास पर बल देने की बात कही।

राज्यपाल ने भारत की संस्कृति एवं मूल्यों, बौद्धिक क्षमताओं एवं पुरातन शैक्षिक परम्पराओं का जिक्र करते हुए कहा कि शिक्षकों की जवाबदारी बड़ी है। उनका दायित्व बौद्धिक रूप से सशक्त पीढ़ी तैयार करना है। उन्हें देश की बुनियादी संस्कृति और क्षमताओं को ध्यान में रखकर यह याद करना होगा कि जब जीरो दिया मेरे भारत ने तब दुनिया को गिनती आई। उन्होंने शिक्षकों को भावी पीढ़ी का निर्माता बताया।

बैठक में डूंगरपुर जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह द्वारा विभिन्न विभागों के माध्यम से जिले में किये गये नवाचारों दिव्यांगों के लिए 'नो वन लेफ्ट बिहाइंड वन, महिलाओं के लिए एनीमिया' मुक्त अभियान, प्लास्टिक कचरा संग्रहण, तालाब सफाई अभियान, वीर काली बाई कन्या आश्रम में चलाए गये नवाचारों वेस्ट टू बेस्ट, छात्रावासों के सितारे, प्रतिभाशाली छात्र छात्राओं का रात्रि चौपाल में अभिनंदन आदि की जानकारी पीपीटी के माध्यम से दी, जिसकों सराहा गया।

राज्यपाल ने जनजातीय क्षेत्र विकास विभाग द्वारा गोविंद गुरु जनजाति क्षेत्रीय विकास योजना, छात्रावासों की संख्या एवं योजनाओं की क्रियान्विति, राजिविका के तहत दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन एवं प्रगति, सोलर दुर्गा कंपनी संचालन, प्रत्येक गांव में दो-दो सोलर दीदी को प्रशिक्षण, लखपति दीदी, प्रधानमंत्री मंथन विकास योजना, पोल्ट्री हेचरी, पीएचडी विभाग की समीक्षा के दौरान जल जीवन मिशन उसके अंतर्गत लघु योजना, वृहद योजना, मेजर जल स्रोत अभी तक कंप्लीट हुए कार्य, कृषि विभाग संयुक्त निदेशक से मृदा हेल्थ कार्ड, चिकित्सा विभाग के राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के दौरान टीबी मुक्त गांव, नये आने वाले केस, उन्हें रोकने के लिए किए जाने वाले उपचार एवं अभियानो रसद विभाग से खाद्य सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना आदि की जानकारी ली। उन्होंने उचित मूल्य दुकानों की संख्या, ढाणी क्षेत्र में वितरण, प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना, आंगनबाडी की संख्या उसमें नामांकित बच्चों, ग्रामीण एवं पंचायती राज विभाग की प्रधानमंत्री आवास योजना, महात्मा गांधी नरेगा योजना, श्रम नियोजन, औसत मजदूरी, प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना, एमएलए-एमपी मद योजना, स्वच्छ भारत मिशन आदि की जानकारी ली।

राज्यपाल ने ग्रामीण पंचायती राज विभाग द्वारा प्रत्येक पात्र को प्रधानमंत्री आवास दिलवाने, मनरेगा में अधिक कार्य उपब्धता सुनिश्चित करने, सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग द्वारा छात्रावास अधीक्षकों के साथ बैठक करने तथा उनको आने वाले विशेष कलाओं यथा संगीत, वाद्य यंत्र बजाना, गाना, पेंटिंग अथवा अन्य विशेषताओं को बच्चों को भी सीखाने के लिए प्रेरित करने, जल जीवन मिशन में चल रहे कार्यो को निर्धारित पूर्णता समयाअवधि में पूर्ण करने, कृषि विभाग को मृदा हेल्थ कार्ड हेतु फील्ड में जाकर मिट्टी के नमूने लेने, सीएमएचओ से राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम को बढ़ावा देने, रसद विभाग को उचित मूल्य दुकानों की संख्या आवश्यकता होने पर बढ़ाने आदि के निर्देश प्रदान किये।

# मुख्यमंत्री अवधिपार ब्याज राहत योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा बैठक

## -धीमी प्रगति वाले पीएलडीबी वसूली में सुधार के करें विशेष प्रयास




जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। सहकारिता विभाग की प्रमुख शासन सचिव एवं रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां श्रीमती मंजू राजपाल ने कहा कि सहकारी भूमि विकास बैंकों के समस्त पात्र ऋणी सदस्यों को मुख्यमंत्री अवधिपार ब्याज राहत योजना का लाभ दिलवाया जाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जिन प्राथमिक सहकारी भूमि विकास बैंकों में योजना के अंतर्गत प्रगति धीमी है, वे विशेष प्रयास कर वसूली में सुधार के प्रयास करें।

श्रीमती राजपाल मंगलवार को अपेक्स बैंक सभागार में प्राथमिक सहकारी भूमि विकास बैंकों में मुख्यमंत्री अवधिपार ब्याज राहत योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा बैठक को सम्बोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि योजना से लाभान्वित करने के लिए सरपंचों को पात्र ऋणियों की सूची उपलब्ध करवाकर उनके माध्यम से पात्र व्यक्तियों को प्रोत्साहित किया जाए। योजना के पात्र व्यक्तियों को एकत्र कर सरपंच की उपस्थिति में प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा समझाइस के माध्यम से भी ऋणी सदस्यों को योजना का लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित किया जा सकता है। उन्होंने निर्देश दिए कि पीएलडीबी के प्रशासक एवं अध्यक्षों को भी मुख्यमंत्री अवधिपार ब्याज राहत योजना के क्रियान्वयन में शामिल किया जाए। साथ ही, ग्राम सेवा सहकारी समितियों एवं स्थानीय एनजीओ को भी इस कार्य में सम्मिलित किया जाए।

प्रमुख शासन सचिव ने कहा कि सभी अतिरिक्त रजिस्ट्रार (खण्ड), उप रजिस्ट्रार एवं केन्द्रीय सहकारी बैंकों के प्रबंध निदेशकों को भी प्राथमिक सहकारी भूमि विकास बैंकों को फिर से मुख्यधारा में लाने के लिए एकजुट होकर कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि योजना का लाभ लेने वाले ऋणी सदस्यों को पुन: नया ऋण उपलब्ध करवाया जाए, जिससे उन्हें 5 प्रतिशत ब्याज अनुदान योजना का भी लाभ मिल सके। श्रीमती राजपाल ने कहा कि जिन प्राथमिक सहकारी भूमि विकास बैंकों में हाल ही में नये सचिवों को कार्यभार सौंपा गया है, वे त्वरित रूप से सक्रिय होकर योजना में अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि योजना के अंतर्गत जिन लाभार्थियों को बड़ी राहत मिलती है, उनका विभिन्न माध्यमों से व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए ताकि अन्य ऋणी सदस्य भी योजना का लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित हो सकें।

श्रीमती राजपाल ने योजना में राज्य औसत से अधिक प्रगति के लिए दौसा, बिलाड़ा, भीलवाड़ा, बीकानेर, चूरू एवं रायसिंहनगर आदि पीएलडीबी की सराहना करते हुए और अधिक प्रगति हासिल करने के लिए निरन्तर सक्रिय रहने के निर्देश दिए। उन्होंने 10 करोड़ रुपये से अधिक अवधिपार ऋण एवं एक हजार से अधिक पात्र ऋणियों वाले प्राथमिक सहकारी भूमि विकास बैंकों को वसूली के लिए विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अतिरिक्त रजिस्ट्रार (खण्ड) अधिक अवधिपार राशि एवं कम वसूली करने वाले प्राथमिक सहकारी भूमि विकास बैंकों की नियमित रूप से मॉनिटरिंग करें।

# राज्य में नगरीय निकायों के पुनर्गठन एवं पुनर्सीमांकन के प्रस्तावों को लेकर मंत्रीमण्डलीय उप समिति की समीक्षा बैठक आयोजित



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। मंत्रिमण्डल सचिवालय, राजस्थान सरकार के आदेशों की अनुपालना में मंगलवार को स्वायत्त शासन विभाग के सभागार में राज्य में नगरीय निकायों के पुनर्गठन एवं पुनर्सीमांकन के प्राप्त प्रस्तावों को लेकर परीक्षण एवं समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मंत्रीमण्डलीय उप समिति के सदस्य राज्यमंत्री वन विभाग संजय शर्मा, राज्यमंत्री सहकारिता विभाग गौतम कुमार तथा समिति के संयोजक राज्यमंत्री नगरीय विकास विभाग झाबर सिंह खर्रा द्वारा इस बैठक में अजमेर, कोटा, उदयपुर और बीकानेर संभाग की नगरीय निकायों के पुनर्गठन एवं पुनर्सीमांकन के प्रस्तावों पर समीक्षा एवं गहन चर्चा की गई।

उल्लेखनीय है कि जोधपुर, भरतपुर एवं जयपुर संभाग की नगरीय निकायों के पुनर्गठन एवं पुनर्सीमांकन के प्रस्तावों पर मंत्रीमण्डलीय उप समिति की अगली बैठक बुधवार को आयोजित की जायेगी। इस बैठक में स्वायत्त शासन विभाग के प्रमुख शासन सचिव राजेश यादव, निदेशक एवं विशिष्ट सचिव इन्द्रजीत सिंह सहित अन्य उच्च अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# विधानसभा स्पीतकर से मंत्री कुमावत की शिष्टांचार मुलाकात



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी को मंगलवार को यहां विधान सभा में पशुपालन एवं डेयरी, गोपालन व देवस्थान विभाग के मंत्री जोराराम कुमावत ने शिष्टासचार मुलाकात की। कुमावत ने देवनानी का दुपट्टा ओढाकर अभिनन्देन किया। कुमावत ने विधान सभा अध्यचक्ष देवनानी को विभाग की पुस्तिका भेंट की।

## आवश्यक नम्बर

रॉयल पत्रिका

| बिजली फॉल्ट के लिए | | पानी के लिए | |
|---|---|---|---|
| टोल फ्री नंबर | 18001806507 | जलदाय कार्यालय | 2706624 |
| वॉट्सएप नंबर | 9414037085 | फायर ब्रिगेड | 2747400 |
| कस्टमर केयर | 2203000 | **मेडिकल इमरजेंसी के लिए** | |
| आईवीआरएस | 1912 | एंबुलेंस | 102/108 |
| **कचरा गाड़ी के लिए** | | एसएमएस इमरजेंसी | 2518333 |
| ग्रेटर | 2747400 | महिला चिकित्सालय | 22610616 |
| सीवरेज लीकेज | 2607500 | जनाना हॉस्पिटल | 22378721 |
| हैरिटेज | 2607500 | SDMH | 22574189 |
| टोल फ्री नंबर | 14420 | SMS ब्लड बैंक | 22518222 |
| **पुलिस की मदद के लिए** | | कल्याण ब्लड बैंक | 22721771 |
| साइबर क्राइम | 1930/2360094 | **घायल पशुओं के लिए** | |
| कंट्रोल रूम | 2388435/36/37/38 | नगर निगम | 2747400 |
| ट्रैफिक कंट्रोल रूम | 2565630 | बर्ड बाइक | 9887345580 |
| चाइल्ड हेल्पलाइन | 1098 | हेल्प इन सफरिंग | 8107299711 |
| महिला हेल्पलाइन | 1090 | जनमंच ट्रस्ट | 7230055800 |
| मुख्यमंत्री पोर्टल | 181 | पशु चिकित्सालय | 2747400 |

# मानव जन जागृति संस्थान द्वारा सेवा संकल्प समारोह सम्पन्न

## -व्यक्ति को मन से दृढ़ संकल्प लेकर निस्वार्थ भाव से सेवा करनी चाहिए : पूर्व विधायक शर्मा



चौमूं (रॉयल पत्रिका)। शहर के एमबी होटल में मानव जन जागृति संस्थान के तत्वावधान में सेवा संकल्प समारोह के मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं चौमूं पूर्व विधायक रामलाल शर्मा थे एवं अध्यक्षता सेवानिवृत्त आईपीएस मदन गोपाल मेघवाल ने की। विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत प्रधानाचार्य सुधा वर्मा, विवाह समिति के पूर्व अध्यक्ष रघुनाथ पाटोदिया, विवाह समिति के संयोजक गजानंद परिहार, सेवानिवृत्त विकास अधिकारी नेमीचंद पंवार, मानव जन जागृति संस्थान के महासचिव मनराज कांटीवाल थे। संस्थान के प्रदेशाध्यक्ष सौदागर कांदेला एवं संस्थान के पदाधिकारियों ने आए हुए अतिथियों का माला, साफा एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने कहा कि व्यक्ति को अपने मन से दृढ़ संकल्प लेकर निस्वार्थ भाव से सेवा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस संस्थान द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को जागरूक करने का कार्य कर रही है।सेवानिवृत आईपीएस मदन गोपाल मेघवाल ने कहा कि जनसंख्या नियंत्रण करे, नशे की प्रवृत्ति से दूर रहे, कुरीतियों एवं अंधविश्वास से दूर रहे।कार्यक्रम संयोजक सौदागर कांदेला ने बताया कि कार्यक्रम में सेवा संकल्प लेकर 15 युवाओं को विशेष सम्मान से सम्मानित किया। प्रदेशाध्यक्ष सौदागर कांदेला ने बताया कि कार्यक्रम से पूर्व सामोद वीर हनुमान जी मंदिर के दर्शन करके बंदरों को केले एवं गायों को हरा चारा खिलाए।सेवा संकल्प समारोह के दौरान विवाह समिति के पूर्व अध्यक्ष रघुनाथ पाटोदिया ने आजीवन प्रतिवर्ष दो माह की पेंशन संकल्प के साथ संस्था में सहयोग करने की घोषणा की। अंत में कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। मंच संचालन प्राचार्य डॉ. कैलाश चंद्र मोरदिया ने किया। इस दौरान अशोक बबेरवाल, कालूराम बुनकर, गोपाल लाल कांदेला, रामपाल बुनकर, सुरेश महरिया, गोपालचंद सोंगण, हरिनारायण लाखीवाल, घनश्याम कांदेल, नानगराम लुनीवाल, सुरेन्द्र सिंह हरसोलिया, राजेश सोंगण, सियाराम बुनकर, राजेश पाटोदिया, शंकर लाल बुनकर, दीपक बुनकर, अजीत बबेरवाल, गोपाल देवठिया, राजीव कांदेला, शंकरलाल तांदेड़ा, अंजलि कांदेला, पुष्पा सोंगण, प्रियंका पाटोदिया, विमल वर्मा सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

# बिहार के राज्यपाल डॉ. आरिफ मोहम्मद खान का हुआ सम्मान



जोधपुर (रॉयल पत्रिका)। अल'-अब्बास एज्यूकेशनल सोसायटी, जोधपुर की ओर से कारवां गार्डन में आयोजित किये गये 'वार्षिक समारोह 2025' में बतौर मुख्य अतिथि पधारे बिहार के राज्यपाल माननीय 'डॉ. आरिफ मोहम्मद खान', विशिष्ट अतिथि सज्जादानशीन दरगाह ख्वाज़ा गरीब नवाज़ एवं चेयरमैन ऑल इण्डिया सूफी सज्जादगान कौंसिल अजमेर 'सैयद नसीरूद्दीन चिश्ती' एवं अल'-अब्बास एज्यूकेशनल सोसायटी, जोधपुर के अध्यक्ष एवं इस्लामिक स्कॉलर 'पीर अब्दुल रूआब चिश्ती' को मौलाना आज़ाद यूनिवर्सिटी, जोधपुर की तरफ से एज़ाज़नामा एवं शॉल पेशकर विशेष सम्मान किया गया। ये विशेष सम्मान यूनिवर्सिटी चेयरपर्सन मोहम्मद अतीक एवं प्रेसिडेंट डॉ. जमील काज़मी ने किया। इस अवसर पर वर्ल्ड यूनानी फाउंडेशन दिल्ली के ट्रस्टी एवं ऑल इण्डिया कौमी एकता, जोधपुर के उपाध्यक्ष 'डॉ. साजिद निसार', वरिष्ठ नेत्र चिकित्सक एवं तारा बाई देसाई नेत्र चिकित्सालय, जोधपुर के डायरेक्टर 'संजीव देसाई', समाजसेवी, फाउण्डर कारवां ग्रुप व हेल्पिंग हैण्ड संस्था जोधपुर के अध्यक्ष 'रफीक कारवां', शहर काजी एवं अल'-अब्बास एज्यूकेशनल सोसायटी के उपाध्यक्ष सैयद काजी वाहिद अली, यूनिवर्सिटी से जुड़े समाजसेवी अब्दुल रहीम मोदी, इशाक गौरी सहित शहर की विभिन्न संस्थाओं एवं समुदायों के कई गणमान्य लोग, प्रशासनिक अधिकारी, शिक्षाविद्, मुस्लिम समुदाय की महिला, पुरूष एवं बच्चे मौजूद रहे।

# विश्व सिजोफ्रेनिया दिवस 2025 के उपलक्ष में मॉडल एग्जीबिशन का आयोजन



उदयपुर (रॉयल पत्रिका)। विश्व सिजोफ्रेनिया दिवस 2025 के उपलक्ष में मॉडल एग्जीबिशन का आयोजन शनिवार को गीतांजलि कॉलेज एवं स्कूल ऑफ़ नर्सिंग उदयपुर में किया गया। एग्जीबिशन का उद्घाटन प्रोफेसर (डॉ.) योगेश्वरपुरी गोस्वामी प्रिंसिपल गीतांजलि कॉलेज ऑफ़ नर्सिंग एवं प्रोफेसर दिनेश कुमार शर्मा, प्रिंसिपल गीतांजलि स्कूल ऑफ़ नर्सिंग द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर प्रोफेसर कमलेश जोशी, एकेडमिक इंचार्ज प्रोफेसर जयेश पाटीदार, समस्त विभाग अध्यक्ष, फैकल्टी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे । इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने शिजोफ्रेनिया पर आधारित मॉडल बनाकर प्रस्तुत किये। कार्यक्रम का संचालन एसोसिएट प्रोफेसर हरेंद्र गहलोत द्वारा किया गया।

# राज एसटी, एससी, ओबीसी महासभा द्वारा सुभाष कुंतल और रामेश्वर दयाल जाटव का सम्मान



भरतपुर, (रॉयल पत्रिका)। जया पब्लिक स्कूल, संजय नगर, जिलाधीश निवास के पास भरतपुर में राज एसटी, एससी, ओबीसी महासभा की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर महासभा द्वारा शिक्षक प्रकोष्ठ में अहम जिम्मेदारियां मिलने पर दो विशिष्ट जनों का सम्मान किया गया।

सुभाष कुंतल को शिक्षक प्रकोष्ठ का जिला अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर महासभा की ओर से उनका गर्मजोशी से स्वागत और सम्मान किया गया। वहीं, रामेश्वर दयाल जाटव को प्रदेश कांग्रेस कमेटी राजस्थान द्वारा प्रदेश सचिव (शिक्षक प्रकोष्ठ) के रूप में सदस्य मनोनीत किए जाने पर उनका भी विशेष रूप से सम्मान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व पुलिस उप अधीक्षक सुखवीर सिंह ने की। इस अवसर पर महासभा के वरिष्ठ पदाधिकारी और समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से नरेंद्र सिंह फौजदार, कैलाश सारवान, रामदयाल सैनी, चतुर सिंह, मगतू राम, सूरज सिंह फौजदार, कुमरपाल, नेम सिंह सैदपुरा, नवल सिंह, और प्रदेशाध्यक्ष रामगोपाल चौधरी शामिल रहे।

# जनहित से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं : जिला कलक्टर



सवाई माधोपुर, (रॉयल पत्रिका)। जिला कलक्टर शुभम चौधरी की अध्यक्षता में सोमवार को आवश्यक सेवाओं की साप्ताहिक समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट परिसर स्थित भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र के वीसी कक्ष में आयोजित हुई। बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों, योजनाओं की प्रगति, जनसमस्याओं के निस्तारण की स्थिति तथा गर्मी के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए तैयारियों की गहन समीक्षा की गई। जिला कलक्टर ने निर्देश दिए कि समस्त विभागीय अधिकारी उनके विभागों की योजनाओं एवं गतिविधियों को गम्भीरता से लेते हुए आमजन तक लाभ पहुंचाना सुनिश्चित करें। उन्होंने मुख्यमंत्री एवं त्रिस्तरीय जनसुनवाई, सम्पर्क पोर्टल, समाचार पत्रों के माध्यम से प्राप्त प्रकरणों के त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर विशेष बल देते हुए स्पष्ट किया कि जनहित से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। सभी अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे जनसुनवाई प्रकरणों का निस्तारण सात दिवस के भीतर करें तथा समाधान से पूर्व परिवादियों से सीधा संवाद स्थापित करें। उन्होंने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा के नवीन लंबित आवेदनों की उपखण्डवार समीक्षा करते हुए कमेटी द्वारा जांच करवाकर अविलम्ब निस्तारण करवाने, फिल्ड विजिट कर धरती आबां जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान 2025-26 के लिए वार्षिक कार्ययोजना तैयार करने, निजी भवनों में संचालित हो रहे राजस्व कार्यालयों हेतु भवन निर्माण व तकनीकी संसाधनों के प्रस्ताव भिजवाने के निर्देश समस्त उपखण्ड अधिकारी एवं विकास अधिकारियों को प्रदान किए। साथ ही सरकार के निर्देशानुसार गौशालाओं को अनुदान प्रदान करने हेतु जिले की समस्त गौशालाओं का उपखण्ड अधिकारी एवं पशु चिकित्सों द्वारा संयुक्त निरीक्षण कर भौतिक सत्यापन सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। बैठक में गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए चिकित्सा, विद्दुत व पेयजल आपूर्ति व्यवस्था पर विशेष चर्चा करते हुए पीएचईडी व विद्दुत विभाग को निर्बाध पेयजल एवं बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने कहा कि प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता, जवाबदेही और समयबद्धता सुनिश्चित करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। अधिकारी फील्ड में नियमित निरीक्षण करें, योजनाओं का भौतिक सत्यापन करें और यह सुनिश्चित करें कि शासन की मंशा के अनुरूप योजनाओं का लाभ वास्तविक पात्र व्यक्तियों तक पहुंचे। अतिरिक्त जिला कलक्टर संजय शर्मा ने बैठक के दौरान अनुपस्थित अधिकारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी शैलेन्द्र सिंह, सहायक कलक्टर रूबी अंसार, अधीक्षण अभियंता जलदाय विभाग बीएस मीना, जिला रसद अधिकारी रामभजन मीना, सीएमएचओं डॉ. अनिल कुमार जैमिनी सहित वीसी के माध्यम से समस्त एसडीएम, तहसीलदार एवं संबंधित उपखण्ड स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान में मां वाउचर का किया वितरण

## -योजना के तहत गर्भवतियों की हो रही निशुल्क सोनोग्राफी



सवाई माधोपुर, (रॉयल पत्रिका)। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत मंगलवार को जिले के चिकित्सा संस्थानों पर गर्भवतियों की प्रसव पूर्व जांच की गई साथ ही मां वाउचर योजना के तहत निशुल्क सोनोग्राफी हेतु वाउचर वितरित किये गए।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जैमिनी ने बताया कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत प्रत्येक माह की 9, 18, 27 तारीख को गर्भवतियों की प्रसव पूर्व जांच की जाती है, इसी के तहत 27 मई को अभियान का आयोजन कर वजन, उंचाई, पेट की जांच, खून की जांच, हीमोग्लोबिन, रक्तचाप, शुगर, एचआईवी, सिफलिस, हृदय स्पंदन, यूरिन, सोनोग्राफी आदि जांच कर आवश्यक दवाएं उपलब्ध करवाई जा रही है। चिकित्सकों द्वारा विभिन्न चिकित्सा संस्थानों पर गर्भवतियों की जांच के साथ ही गर्भावस्था के दौरान किसी भी गर्भवती में जटिलता पाए जाने पर उच्च संस्थानों पर भी रेफर किया गया साथ ही चिकित्सकों ने गर्भावस्था में आने वाली जटिलताओं के बारे में जागरूक किया। साथ ही सभी को भोजन की अच्छी आदतों को अपनाने, पोषक तत्वों युक्त भोजन करने, हरी सब्जियों, फलों, आयरन युक्त खाद्य पदार्थों का सेवन करने की संबंधी जानकारी दी गई।

**निरामय राजस्थान के तहत मई माह की थीम के संबंध मे किया जागरूक:-** निरामय राजस्थान के तहत मई माह की थीम के संबंध मे गर्भवतियों को जागरूक किया गया। अभियान के तहत मई माह की थीम पानी है जीवन का आधार के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। भीषण गर्मी को देखते हुये पर्याप्त मात्रा में शुद्ध जल का सेवन करने की सलाह दी गयी। साथ ही मां वाउचर योजना के तहत गर्भवती महिला की दूसरी या तीसरी तिमाही में गर्भकाल के दौरान सोनोग्राफी निरूशुल्क कराई जा रही है। इसमें जिले के सभी निजी सोनोग्राफी सेंटर जुड़े हुए है ताकि गर्भवती महिलाओं को उन्हीं के क्षेत्र में सोनोग्राफी करवाने की सुविधा मिल सके।

इसके अंतर्गत गर्भवती महिला अपनी सुविधा के अनुसार किसी भी पंजीकृत सोनोग्राफी केन्द्र पर जांच करवा पा रही हैं। प्रधानमंत्री मातृत्व अभियान दिवस पर माह की 9, 18 व 27 तारीख को आवश्यक जांच के साथ-साथ सोनोग्राफी जांच करवाने के लिए क्यूआर कोड युक्त कूपन उनके रजिस्ट्रर्ड मोबाइल नंबर पर जारी किया जाता है। इस कूपन के माध्यम से गर्भवती महिला विभाग से अधिकृत किसी भी निजी सोनोग्राफी केंद्र पर अपनी सोनोग्राफी जांच निरूशुल्क करवा पा रही है।

# ईसीआई ने चार राज्यों के 350 बीएलओ को दिया विशेष प्रशिक्षण



बारां/नई दिल्ली, (रॉयल पत्रिका)। भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) के तत्वावधान में भारत अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र और चुनाव प्रबंधन संस्थान (आईआईआईडीईएम) में बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) और पर्यवेक्षकों के लिए सातवें बैच का विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हुआ। इस प्रशिक्षण में उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, राजस्थान और हिमाचल प्रदेश के कुल 353 निर्वाचन अधिकारियों ने भाग लिया।

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए कहा कि यह प्रशिक्षण जन प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950, मतदाता पंजीकरण नियम 1960 और चुनाव संचालन नियम 1961 के अनुरूप चुनाव प्रक्रिया सुनिश्चित करने में सहायक सिद्ध होगा। उन्होंने बताया कि प्रतिभागियों को निर्वाचक नामावलियों के अंतिम प्रकाशन के बाद की प्रथम व द्वितीय अपील प्रक्रिया की जानकारी भी दी जा रही है, जिससे वे मतदाताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक कर सकें।

प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को मतदाता पंजीकरण, विभिन्न फर्मों के संचालन, ईवीएम और वीवीपैट की तकनीकी जानकारी के साथ-साथ मॉक पोल का भी अभ्यास कराया जा रहा है। इसके अलावा, उन्हें आधुनिक आईटी उपकरणों के उपयोग का भी प्रशिक्षण दिया गया। गौरतलब है कि चारों राज्यों में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसएसआर) प्रक्रिया के पूर्ण होने के बाद 6 से 10 जनवरी 2025 तक किसी भी प्रकार की अपील दर्ज नहीं की गई थी। इससे यह स्पष्ट होता है कि क्षेत्रीय स्तर पर निर्वाचक नामावली की प्रक्रिया प्रभावी रही है।

ईसीआई द्वारा पिछले दो महीनों में 3,350 से अधिक क्षेत्रीय अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है, जिससे यह प्रयास देशभर में पारदर्शी और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हो रहा है।

# आने वाली पीढ़ियों को रोजगार एवं प्रगति के मार्ग पर लाना हम सबकी जिम्मेदारी- सांसद हरीश चन्द्र मीना



सवाई माधोपुर, (रॉयल पत्रिका)। जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक मंगलवार को टोंक-सवाई माधोपुर सांसद हरीश चंद्र मीना की अध्यक्षता एवं जिला प्रमुख सुदामा मीना की उपस्थिति में जिला परिषद सभागार में संपन्न हुई। बैठक में सांसद ने विभिन्न केंद्र प्रायोजित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए सभी अधिकारियों को पारदर्शिता और समन्वय के साथ योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए। सांसद मीना ने कहा कि सभी विभागीय अधिकारी आपसी समन्वय से कार्य करते हुए आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता से निस्तारण करें। उन्होंने कहा कि सभी कानून जनता की सेवा के लिए है, अतः अधिकारी संवेदनशीलता और उत्तरदायित्व के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ियों को रोजगार एवं प्रगति के मार्ग पर लाना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने सवाई माधोपुर के स्थानीय निवासियों को रोजगार उपलब्ध करवाने हेतु विशेष प्रयास करने के लिए कार्य योजना तैयार करने के निर्देश प्रदान किए।

**जल जीवन मिशन एवं पेयजल आपूर्ति पर विशेष जोर:-** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियंता बी.एस. मीना को निर्देशित किया गया कि आंगनबाड़ी केंद्रों व विद्यालयों में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। जल जीवन मिशन के तहत विधानसभावार स्वीकृत एवं लंबित कार्यों की सूची तैयार कर उन्हें समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति की जानकारी लेकर सभी वार्डों में निर्बाध जलापूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश प्रदान किए हैं। उन्होंने बाड़ोलास पंचायत में शेष रहे स्थानों पर जल जीवन मिशन के तहत पाइपलाइन बिछाने के निर्देश भी प्रदान किए। उन्होंने क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत व आंगनबाड़ी केंद्रों पर विद्दुत व जल व्यवस्था सुनिश्चित करने की बात भी कही।

बैठक में जिला कलक्टर शुभम चौधरी, पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता, मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव बुड़ानिया, उप वन संरक्षक रामानंद भाकर, नगर परिषद सभापति जय प्रकाश सामरिया, सवाई माधोपुर प्रधान निरमा मीना, प्रधान मलारना देवपाल मीना, अधीक्षण अभियंता विद्दुत विभाग बी.एल. मीना, संयुक्त निदेशक कृषि विस्तार राकेश कुमार अटल, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी कृष्णा शर्मा, उप निदेशक डॉ. हेमराज मीना, आरसेटी निदेशक नीरज कुमार, डीडीएम नाबार्ड पुनीत हरित सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# कांग्रेस की संविधान बचाओ रैली एवं जातिगत जनगणना रैली का आयोजन हुआ



सवाई माधोपुर, (रॉयल पत्रिका)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार सवाई माधोपुर जिला मुख्यालय पर शिव मंदिर बजरिया में जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा आयोजित संविधान बचाओ रैली एवं जातिगत जनगणना रैली का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गिर्राज सिंह गुर्जर ने की एवं मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष पूर्व विधायक एवं भरतपुर संभाग के प्रभारी जीआर खटाना सवाई माधोपुर संविधान बचाओ रैली के कोऑर्डिनेटर पूर्व मंत्री महेश शर्मा, सवाई माधोपुर जिला संगठन प्रभारी पुष्पेंद्र भारद्वाज, राजस्थान विधानसभा में उपनेता प्रतिपक्ष रामकेश मीना, बामनवास विधायक इंदिरा मीणा, पूर्व कैबिनेट मंत्री अशोक बैरवा, प्रदेश सचिव लईक अहमद, गंगापुर विधानसभा प्रभारी सुदेश गुर्जर, बामनवास विधानसभा प्रभारी कृपाल मीणा, खंडार विधानसभा प्रभारी अमित कड़वासरा, जिला प्रमुख सुदामा मीणा, उप जिला प्रमुख बाबूलाल मीणा,प्रधान संपत पहाड़िया, देवपाल मीणा सेवादल के अध्यक्ष संतोष स्वामी, ओबीसी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष कमलेश गुर्जर, एससी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष राजेश पहाड़िया, एसटी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष बंशीलाल मीणा, यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष जितेंद्र मीणा, एनएसयूआई के अध्यक्ष ऋषि मीणा, महिला कांग्रेस की प्रदेश उपाध्यक्ष मंजू शर्मा, जिला महासचिव सोनिका, ब्लॉक अध्यक्ष अनिल वर्धमान, घासीलाल बेरवा, जुगराज चौधरी, घनश्याम झाडोल, गिर्राज प्रसाद मीणा, छोटेलाल व्यास, प्रदेश सचिव बृजलाल मीणा, सदस्य मुकेश देहात, सुनील शर्मा, मीडिया प्रभारी अजय शर्मा, संगठन महामंत्री हरिमोहन शर्मा, यूथ कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष आशीष टटवाल आदि ने संविधान रैली को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार सरेआम संविधान की धज्जियां उडा रही हैं एवं लोकतंत्र की हत्या की जा रही है भारत की अन्य पार्टियों के नेताओं से देश हित में कोई सलाह नहीं ली जाती मनमर्जी से निर्णय लिए जा रहे हैं। अर्थव्यवस्था कमजोर हो रही है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा जातिगत जनगणना की आवाज उठाई जा रही है जिस पर केंद्र सरकार चुप बैठी है।अभिव्यक्ति की आजादी को कुचला जा रहा है गरीब गरीब होता जा रहा है।देश की सारी व्यवस्थाएं अडानी अंबानी जैसे उद्योगपतियों के हाथों में दी जा रही है बेरोजगारी फैल रही है।सभा के बाद में सभी कार्यकर्ताओं ने बाजार में रैली निकालकर जिला कलेक्टर कार्यालय के सामने स्थित संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प माला चढ़ाकर रैली समाप्त की घोषणा की।

# एक दिवसीय वृहद रोजगार मेलें का आयोजन बुधवार को

झुंझुनूं, (रॉयल पत्रिका)। राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के अन्तर्गत बेरोजगार आशार्थियों को प्राईवेट क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने के लिए उप क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय द्वारा एक दिवसीय वृहद रोजगार मेलें का आयोजन बुधवार को प्रातः 10 बजे से रोजगार कार्यालय झुंझुनूं परिसर में किया जाएगा। उप क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय के सहायक निदेशक दयानंद यादव ने बताया कि शिविर में दिल्ली, गुरुग्राम, भिवाड़ी मानेसर, अलवर, स्थित भारत की प्रसिद्ध प्राईवेट (निजी) कम्पनी व सिक्योरिटी कम्पनी भाग लेंगी और इन्टरव्यू लेकर रोजगार उपलब्ध करवाएंगी। इसके अतिरिक्त राजकीय विभागों द्वारा संचालित ब्याज मुक्त ऋणसंबंधी योजनाओं की जानकारी भी उपलब्ध करवाई जाएगी।

उन्होंने बताया कि सैकण्डरी, सीनियर सैकण्डरी, स्नातक व आई०टी०आई० ऊतीर्ण योग्यता वाले बेरोजगार आशार्थी अपने शैक्षणिक दस्तावेजों की फोटो प्रति, पासपोर्ट साईज की दो फोटों सहित 28 मई को प्रातः 10 बजे रोजगार कार्यालय झुंझुनूं में इन्टरव्यू देकर रोजगार के अवसर का लाभ प्राप्त कर सकते है।

# 30 मई को होगा जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन

झुन्झुनूं, (रॉयल पत्रिका)। जिले के औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी देने के लिए जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन 30 मई को प्रात 10:30 बजे सूचना केन्द्र सभागार में किया जाएगा।

जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र के महाप्रबन्धक नानुराम गहनोलिया ने बताया कि जिसमें राज्य सरकार द्वारा निवेशकों के हितों को ध्यान रखते हुए जारी की गई नवीन नीतियों राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना 2024, राजस्थान एक्सपोर्ट प्रोमोशन पोलिसी 2024, राजस्थान लोजिस्टिक पोलिसी, राजस्थान वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट पोलिसी 2024, राजस्थान इन्टीग्रेटेड कलस्टर डवलपमेंट पोलिसी, टेक्सटाईल एण्ड अपेरेल पोलिसी, एमएसएमई पोलिसी 2024 एवं डेटा सेन्टर पोलिसी 2024 के बारे में जानकारी प्रदान की जाएगी।

# गोदरेज एग्रोवेट ने लॉन्च किया नया पशु आहार उत्पाद - गोदरेज दौलत

**पशु उत्पादकता और प्रजनन स्वास्थ्य में सुधार करने में सहायक**

**दूध की उत्पादन लागत को कम रखने और किसानों की लाभप्रदता बढ़ाने में मदद करता है**

**इंदौर , एजेंसी।** भारत के सबसे बड़े विविधीकृत कृषि व्यवसायों में से एक, गोदरेज एग्रोवेट लिमिटेड (गोदरेज एग्रोवेट) ने आज पशु आहार समाधान - गोदरेज दौलत के लॉन्च की घोषणा की। शहर में आज इसे आयोजित वितरकों की बैठक के दौरान लॉन्च किया गया, जो पशु उत्पादकता और प्रजनन स्वास्थ्य में सुधार करने में सहायक है। इससे किसानों की लाभप्रदता बढ़ेगी। गोदरेज दौलत को विशेष रूप से दूध उत्पादन की लागत कम रखते हुए पशु उत्पादकता और प्रजनन क्षमता में सुधार करने के लिए तैयार किया गया है - जो मध्य प्रदेश के डेयरी क्षेत्र की तत्काल आवश्यकता है।

इंदौर का डेयरी उद्योग, जिसमें 60,000 से अधिक पंजीकृत दूध उत्पादक हैं और प्रतिदिन 12-12.5 लाख लीटर दूध का संग्रह होता है, मौसमी उतार-चढ़ाव और बढ़ती लागत जैसी चुनौतियों का सामना करता है। उच्च गुणवत्ता वाला पशु आहार उत्पादन को बनाए रखने, पशुओं के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने और गर्मी के तनाव से निपटने के लिए आवश्यक है। महाराष्ट्र में उन्नत शोध और सफलता के आधार पर गोदरेज दौलत पौष्टिक, वैज्ञानिक रूप से तैयार किया गया चारा उपलब्ध कराता है, जिससे किसानों को




उत्पादकता बढ़ाने और डेयरी उत्पादों की बढ़ती मांग को स्थायी रूप से पूरा करने में मदद मिलती है।

गोदरेज एग्रोवेट के मुख्य कार्यकारी - एनिमल एंड एक्वा फीड बिजनेस, कैप्टन डॉ. ए.वाई. राजेंद्र ने इस लॉन्च पर अपनी टिप्पणी में कहा, उचित मिश्रित चारा चुनना दीर्घकालिक उत्पादकता और लाभप्रदता की दिशा में एक कदम है। गोदरेज दौलत मवेशियों को कम फीड इनपुट के साथ बेहतर स्वास्थ्य और प्रजनन शक्ति प्राप्त करने में मदद कर, किसानों को हर लीटर दूध से कुछ अधिक प्राप्त करने में मदद कर सकता है और साथ ही उनका परिचालन बोझ कम कर सकता है।

उन्होंने कहा, किसान उचित मिश्रित चारा चुनकर, रणनीतिक निवेश कर रहे हैं जिसका दीर्घकालिक स्तर पर लाभ मिलता है। वैज्ञानिक रूप से तैयार किए गए फीड समाधानों की हमारी विविधीकृत रेंज किसानों को पारंपरिक विकल्पों से आगे बढ़ने और बेहतर प्रदर्शन प्राप्त करने में सक्षम बनाती है।

## एचईसी इंफ्रा की बड़ी छलांग: राजस्व 47 प्रतिशत, मुनाफा दोगुना!

अहमदाबाद, एजेंसी। एचईसी इंफ्रा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड (एचईसी, कंपनी), जो इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र में अग्रणी कंपनियों में से एक है और विशेष रूप से अत्यधिक उच्च वोल्टेज ट्रांसमिशन और डिस्ट्रीब्यूशन प्रोजेक्ट्स में विशेषज्ञता रखती है, ने क्यू4 एफवाय25 और एफवाय25 के लिए अपने ऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की है। प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए, एचईसी इंफ्रा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री गौरांग शाह ने कहा, हमारी टीम के निरंतर प्रयासों और प्रमुख परियोजनाओं की सफल कार्यान्वयन की बदौलत हम मजबूत वित्तीय प्रदर्शन की रिपोर्ट करने में सक्षम हैं। राजस्व और लाभप्रदता दोनों में हुई वृद्धि हमारी रणनीतिक दिशा और संचालन कुशलता का प्रमाण है। हम एक मजबूत ऑर्डर बुक के साथ नए वित्तीय वर्ष में प्रवेश कर चुके हैं, जिससे हमें इस विकास की गति को बनाए रखने का विश्वास मिला है। यह गति और हमारा अनुशासित दृष्टिकोण हमें उभरते अवसरों का लाभ उठाने के लिए एक मजबूत स्थिति में लाते हैं और हम अपने हितधारकों को निरंतर मूल्य प्रदान करते रहेंगे। हमारी ताकत हमारे विविध परियोजना पोर्टफोलियो में निहित है, जिसमें अत्यधिक उच्च वोल्टेज ट्रांसमिशन और डिस्ट्रीब्यूशन, जल उपचार एवं पंपिंग इंफ्रास्ट्रक्चर, औद्योगिक विद्युतीकरण और सौर ऊर्जा समाधान शामिल हैं। यह बहुआयामी क्षमता हमें सरकार और निजी दोनों क्षेत्रों की जटिल इंफ्रास्ट्रक्चर आवश्यकताओं को प्रभावी ढंग से संबोधित करने में सक्षम बनाती है। जैसे-जैसे एकीकृत और कुशल इंफ्रास्ट्रक्चर समाधानों की मांग बढ़ रही है, हम नवाचार, गुणवत्ता और विश्वसनीयता के माध्यम से अपनी क्षमताओं को विस्तार देने और हितधारकों को मूल्य प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## यूनिहेल्थ ने एच2 एफवाय25 में 63 प्रतिशत नेट प्रॉफिट बढ़ोतरी की!

मुंबई। यूनिहेल्थ हॉस्पिटल्स लिमिटेड एक वैश्विक हेल्थकेयर प्रदाता, जो पूरे अफ्रीका में अस्पतालों, मेडिकल सेंटर्स, कंसल्टेंसी, फार्मा डिस्ट्रीब्यूशन और मेडिकल ट्रैवल सेवाओं का संचालन करता है, ने एच2 और एफवाय25 के लिए अपने ऑडिट किए गए वित्तीय परिणाम जारी किए हैं। यूनिहेल्थ हॉस्पिटल्स के संस्थापक और मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. अक्षय परमार, ने कहा-एच2 एफवाय25 यूनिहेल्थ के लिए मजबूत प्रदर्शन वाला रहा, जहां समेकित राजस्व और लाभप्रदता ने हमारी गुणवत्ता युक्त और सुलभ हेल्थकेयर देने की प्रतिबद्धता को दर्शाया। नवी मुंबई में हमारा मल्टी-स्पेशियलिटी टर्शियरी केयर हॉस्पिटल तेजी से निर्माणाधीन है और जल्द ही चालू हो जाएगा। भारत में बढ़ते निवेश, बीमा कवरेज में बढ़ोतरी और मेडिकल टूरिज्म के चलते हेल्थकेयर उद्योग में बड़ा बदलाव आ रहा है। खासकर 50 से 200 बेड की क्षमता वाले अस्पतालों के लिए अवसर बढ़ रहे हैं। अफ्रीकी बाजारों में मांग को देखते हुए हम उभरते भौगोलिक क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण और किफायती सेवा देने के लिए तैयार हैं। हम भारत और पूर्वी अफ्रीका में एक सतत और विस्तार योग्य हेल्थकेयर प्लेटफॉर्म तैयार करने का लक्ष्य रखते हैं। नवी मुंबई के अलावा, नासिक और पुणे में विस्तार कार्य प्रगति पर हैं, जिससे एफवाय26 में 500 से अधिक नए बेड जुड़ने की उम्मीद है। हमारी एसेट-लाइट रणनीति अगले तीन वर्षों में 1,000 नए बेड्स का लक्ष्य रखती है। हम दीर्घकालिक मूल्य निर्माण और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं। संस्थापक और निदेशक डॉ. अनुराग शाह, ने कहा इस वित्तीय वर्ष की एक प्रमुख उपलब्धि युगांडा के यूएमसी विक्टोरिया हॉस्पिटल में हमारे अत्याधुनिक आईवीएफ और फर्टिलिटी सेंटर की शुरुआत रही। यह सुविधा क्षेत्र में बांझपन की चुनौतियों का सामना कर रही महिलाओं की आवश्यकताओं को पूरा करने में मदद करेगी। हमने क्यान्जा, युगांडा में पहला यूएमसी क्लिनिक भी शुरू किया है, और इस वर्ष में 4-5 और क्लिनिक जोड़ने की योजना है, जिससे गुणवत्तापूर्ण सेवाओं की पहुँच और भी बढ़ेगी।

## एमराल्ड फाइनेंस का मुनाफा क्यू4 एफवाय25 में 246 प्रतिशत उछला!

**मुंबई, एजेंसी।** एमराल्ड फाइनेंस लिमिटेड एक गतिशील कंपनी है जो भारत में अपने प्रमुख उत्पाद अर्न्ड वेज एक्सेस सहित वित्तीय उत्पादों और सेवाओं की एक श्रृंखला प्रदान करती है, ने क्यू4 एफवाय25 और एफवाय25 के लेखापरीक्षित वित्तीय परिणाम घोषित किए हैं। एमराल्ड फाइनेंस लिमिटेड के प्रबंध निदेशक श्री संजय अग्रवाल ने वित्तीय प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए कहा, एफवाय25 एमराल्ड फाइनेंस के लिए प्रगति का एक सशक्त वर्ष रहा, जिसे मजबूत वित्तीय प्रदर्शन और रणनीतिक गति ने परिभाषित किया। वर्ष का समापन एक मजबूत क्यू4 के साथ हुआ, जहां ब्याज और शुल्क आधारित दोनों आय धाराओं में वृद्धि हुई, और संचालन कुशलता तथा अनुशासित लागत नियंत्रण के चलते मार्जिन में सुधार हुआ। हमने पूरे वर्ष शून्य एनपीए बनाए रखा, जो हमारी क्रेडिट अंडरराइटिंग और जोखिम प्रबंधन प्रथाओं की मजबूती को दर्शाता है। हमारे ईडब्ल्यूए (अर्न्ड वेज एक्सेस) प्लेटफॉर्म को क्यू4 में महत्वपूर्ण बढ़त मिली, जिसमें वित्तीय वर्ष के दौरान 62 कॉर्पोरेट ग्राहकों को साइन किया गया और वर्ष के अंत तक उन्हें ऑनबोर्ड किया गया। यह हमारे सैलरी एडवांस समाधान की आज के गतिशील वर्कफोर्स वातावरण में बढ़ती प्रासंगिकता को दर्शाता है। भारत में चल रहे फिनटेक परिवर्तन के बीच, जो बढ़ती क्रेडिट मांग, वित्तीय समावेशन और डिजिटल अपनाने से प्रेरित है, हम एक मजबूत स्थिति में हैं। हमारी रणनीति खुदरा और एमएसएमई ऋण, डिजिटल नवाचार और मजबूत साझेदारी पर केंद्रित है। हमारा लक्ष्य ईडब्ल्यूए प्लेटफॉर्म को स्केल करना, एसएमई और इनवॉइस डिस्काउंटिंग सेवाओं का विस्तार करना और 200+ शहरों में अपनी उपस्थिति बढ़ाना है। मार्च 2026 तक 250 कॉर्पोरेट भागीदारों को जोड़ने का लक्ष्य रखते हुए हम डिजिटल-फर्स्ट दृष्टिकोण अपना रहे हैं।

# केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने इंडिया मोबाइल कांग्रेस के नौवें संस्करण के लिए 'Innovate to Transform' थीम का अनावरण किया

**नई दिल्ली,** केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने नई दिल्ली के यशोभूमि कनवेंशन सेंटर में 8 से 11 अक्टूबर, 2025 तक होने जा रहे इंडिया मोबाइल कांग्रेस, 2025 के नौवें संस्करण के लिए थीम के तौर पर ÒInnovate to TransformÓ का अनावरण किया। इस वर्ष का संस्करण गठबंधन को बढ़ावा देकर, अत्याधुनिक उन्नयन प्रदर्शित कर और तेजी से उभर रहे डिजिटल परिदृश्य की चुनौतियों से निपट कर और अवसरों का दोहन कर पूर्व की विरासत को और समृद्ध करने का वादा करता है।

इस वर्ष की थीम भविष्य को आकार देने में नवप्रवर्तन की अहम भूमिका को रेखांकित करता है और उद्योग और आधारभूत ढांचे से लेकर समाज तक में आ रह परिवर्तन और टिकाऊपन को समर्थ बनाता है। यह निरंतर रचनात्मकता और आगे की सोच की जरूरत को रेखांकित करता है जिससे दूरसंचार, डिजिटल ढांचे और इससे परे उभरती चुनौतियों से निपटा जा सके और नए अवसरों का दोहन किया जा सके। आईएमसी 2025 उद्योगपतियों, स्टार्टअप्स और टेक्नोलॉजी को लेकर उत्साहित लोगों को साथ आकर ऐसे समाधान निकालने का आह्वान करता है जो समावेशी वृद्धि के अगले युग और डिजिटल उन्नयन में भारत के बढ़ते नेतृत्व को ताकत प्रदान करे।

दूरसंचार विभाग (डॉट) और सेलुलर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सीओएआई) द्वारा आयोजित आईएमसी 2025 में 150 से अधिक देशों से 1.5 लाख से अधिक लोगों के शिरकत करने की संभावना है जहां 400 से अधिक प्रदर्शक और साझीदार और 7,000 से अधिक वैश्विक




प्रतिनिधि शामिल होंगे। वर्ष 2023 में प्रारंभ अग्रणी स्टार्टअप प्रोग्राम एस्पायर के अंतर्गत 500 से अधिक स्टार्टअप्स आएंगे और यह आयोजन उन्हें मार्गदर्शन, लाइव पिचिंग सत्रों और नेटवर्किंग के लिए 300 से अधिक निवेशकों, इनक्यूबेटर्स एक्सिलरेटर्स और वीसी से जोड़ेगा। एशिया के सबसे बड़े डिजिटल टेक्नोलॉजी फोरम में 800 से अधिक वक्ता 100 से अधिक सम्मेलन सत्रों में हिस्सा लेंगे।

केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा, भारत आज दूरसंचार क्षेत्र में क्रांति का नेतृत्व कर रहा है और हमने भविष्य का कभी इंतजार नहीं किया, बल्कि हमेशा इसे आकार दिया है। 'ढ्ढठ्ठठ्ठश1ड्डह्लद्ग ह्लश ञ्जह्म्ड्डठ्ठह्यद्घश्रह्म्द्व' थीम इस अवधारणा को रेखांकित करती है कि परिवर्तन की इस यात्रा में भारत का दिशा सूचक यंत्र दिशा प्रदान करता रहा है। आज हम उन शीर्ष छह देशों में शामिल हैं जो 6जी पेटेंट के लिए आवेदन कर रहे हैं। हमने पूरे विश्व में सबसे जबरदस्त दूरसंचार नेटवर्क और प्रणालियों का निर्माण किया है जोकि अत्याधुनिक, ग्राहक उन्मुखी और सेवा उन्मुखी हैं। जब हम इस तरह के अवसरों के बारे में बात करते हैं तो नवप्रवर्तन को हमारे अस्तित्व के केंद्र में रखना है। 22 माह की अवधि में हमने विश्व के लिए पहला घरेलू 4जी स्टैक तैयार किया और भारत अपना खुद का दूरसंचार स्टैक तैयार करने वाले विश्व का पांचवा देश बन गया है।

## केएफसी के नए वैल्यू ऑफर के साथ ईपीआईसी टेस्ट और ईपीआईसी बचत पाएं

केएफसी सभी चिकन प्रेमियों के लिए एक ईपीआईसी ऑफर लेकर आया है! भारत में केएफसी के फैन्स अब ऑल-न्यू ईपीआईसी सेवर्स के साथ अपने पसंदीदा केएफसी का आनंद ले सकते हैं। यह ऑफर इतना बढ़िया है कि आप पूरे दिन 9 फॉर 299 रिपीट करते रहेंगे।क्यों? क्योंकि केएफसी ईपीआईसी सेवर्स चिकन प्रेमियों को केवल 299/- में 9 पीस




फिंगर लिकिंग गुड चिकन का स्वाद दे रहा है। इसी अविश्वसनीय मूल्य में मिल रहे हैं 7 स्वादिष्ट बोनलेस चिकन स्ट्रिप्स और हॉट एंड क्रिस्पी चिकन के 2 क्रंची, ज्यूसी पीस। यह ऑफर भारत में केएफसी के सभी 1300+ रेस्टोरेंट्स में केवल डाइन-इन के लिए मान्य है। नई कैम्पेन फिल्म में सुपरस्टार एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर और इंटरनेट के फनीमैन दानिश सैत दिखाई दे रहे हैं, जो अविश्वसनीय 9 फॉर 299 ऑफर देखकर खुशी से चीख उठते हैं। क्योंकि जब आपको ईपीआईसी टेस्ट और ईपीआईसी बचत दोनों एक साथ मिल सकते हैं, तो इनमें से किसी एक को क्यों चुनें? तो, आपको किसका इंतज़ार है? अपने दोस्तों और परिवार को बुलाइये और अपने नज़दीकी केएफसी में मिलकर ईपीआईसी टाइम बिताइये। भारत में 1300+ केएफसी रेस्टोरेंट्स में से किसी में भी आकर इस ईपीआईसी ऑफर का लाभ उठाइये।

## कनोडिया सीमेंट लिमिटेड ने सेबी के पास दाखिल किया डीआरएचपी

मुंबई, एजेंसी। कनोडिया सीमेंट लिमिटेड (कंपनी), एक सीमेंट निर्माण कंपनी जो उत्तर प्रदेश और बिहार राज्यों में सैटेलाइट ग्राइंडिंग यूनिट्स (एसजीयू) के माध्यम से संचालित होती है और पोर्टलैंड पॉजोलाना सीमेंट और कम्पोजिट सीमेंट जैसे मिश्रित सीमेंट के उत्पादद्धन में विशेषज्ञता रखती है, ने बाजार नियामक सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (सेबी) के साथ अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है। कंपनी प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के माध्यम से इक्विटी शेयर पूंजी के प्रस्ताव के जरिए धन जुटाने की योजना बना रही है। सार्वजनिक निर्गम में 14,913,930 इक्विटी शेयरों तक का ऑफर फॉर सेल शामिल है, जिनका अंकित मूल्य 10 रुपये प्रति शेयर है। सीआरआईएसआईएल रिपोर्ट के अनुसार, कनोडिया सीमेंट भारत में सीमेंट के अनुबंध निर्माण में अग्रणी कंपनियों में से एक है। 31 दिसंबर, 2024 तक, कंपनी पांच सैटेलाइट ग्राइंडिंग यूनिट्स (एसजीयू) संचालित करती है, जिनकी कुल सीमेंट निर्माण क्षमता 3.54 एमटीपीए है।

## जून 2025 में आईआईएम रायपुर के प्रबंधन विकास कार्यक्रमों के साथ अपने पेशेवर विकास को दें एक नई दिशा

**रायपुर, एजेंसी।** भारतीय प्रबंधन संस्थान रायपुर, जिसे #BuildingBusinessOwners के लिए जाना जाता है, ने जून 2025 के लिए प्रबंधन विकास कार्यक्रमों की एक रोमांचक श्रृंखला की घोषणा की है। ये कार्यक्रम विशेष रूप से कार्यरत पेशेवरों और वरिष्ठ अधिकारियों के लिए तैयार किए गए हैं, जिनका उद्देश्य प्रतिभागियों को महत्वपूर्ण व्यापार क्षेत्रों में नवीनतम ज्ञान और व्यावहारिक कौशल प्रदान करना है।

पाठ्यक्रम में वित्त, मशीन लर्निंग और अन्य क्षेत्रों को शामिल किया जाएगा। ये तीनों स्ञ्चक्क्च आईआईएम रायपुर के प्रतिष्ठित फैकल्टी सदस्यों द्वारा संचालित किए जाएंगे, जो अकादमिक गहराई और व्यावहारिक अनुप्रयोग का संयोजन प्रस्तुत करते हैं। इन्हें उद्योगों और पेशेवरों की बदलती आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर विशेष रूप से तैयार किया गया है। वास्तविक दुनिया पर आधारित शिक्षण पद्धति के माध्यम से प्रतिभागियों को हाथों-हाथ सीखने का अवसर मिलेगा। आईआईएम रायपुर के निदेशक प्रो. राम कुमार काकानी ने अपने विचार साझा करते हुए कहा, यह एक ऐसा युग है जो अस्थिरता, डेटा की अधिकता और तेज़ नवाचार से परिभाषित होता है। ऐसे में संगठनों को ऐसे अग्रणी लोगों की आवश्यकता है जो गंभीरता से सोच सकें, तेजी से अनुकूल हो सकें और निर्णायक कदम उठा सकें। आईआईएम रायपुर में हमारे प्रबंधन विकास कार्यक्रम केवल अकादमिक कार्यक्रम नहीं हैं, बल्कि ये परिवर्तनकारी यात्राएं हैं।

# सैमसंग बना भारत में 10,000 करोड़ रूपये से ज़्यादा के टीवी बेचने वाला पहला ब्रांड




**नईदिल्ली, एजेंसी।** देश के सबसे बड़े कंज़्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने बताया कि साल 2024 में उसके टीवी कारोबार ने 10,000 करोड़ रूपये से ज़्यादा की बिक्री का रिकॉर्ड बनाया है। इस तरह सैमसंग भारत में य?ह उपलब्धि हासिल करने वाला पहला ब्रांड बन गया है। कंपनी को उम्मीद है कि साल 2025 में उसकी ग्रोथ और तेज़ होगी, क्योंकि अब लोग बड़े स्क्रीन और एआई तकनीक से लैस प्रीमियम टीवी ज़्यादा पसंद कर रहे हैं।

विप्लेश डांग, सीनियर डायरेक्टर, विजुअल डिस्प्ले बिजनेस, सैमसंग इंडिया ने कहा, 2024 सैमसंग इंडिया के लिए एक यादगार साल रहा। हमने 10,000 करोड़ रूपये का टर्नओवर हासिल किया, जो हमारे लिए एक बड़ी उपलब्धि है। अब हम अपने नए एआई टीवी लाइनअप के साथ और तेज़ी से आगे बढ़ना चाहते हैं। ये टीवी हर तस्वीर को और खूबसूरत बनाते हैं और घर पर ही थिएटर जैसा अनुभव देते हैं। हमें पूरा भरोसा है कि एआई स्क्रीन के इस नए दौर में हम नई जनरेशन के टीवी को लोगों के बीच तेजी से पसंदीदा बनाएंगे और भारत के प्रीमियम टीवी मार्केट में अपनी मज़बूत पकड़ बनाए रखेंगे।

## पेट्रोनास टीवीएस रेसिंग ने शानदार राइडर लाइन-अप और अपग्रेडेड रेस मशीनों के साथ 17वें आईएनएससी के लिए कसी कमर

**बैंगलोर , एजेंसी।** पेट्रोनास टीवीएस रेसिंग का 1982 से समृद्ध रेसिंग इतिहास रहा है और यह 23-24 मई, 2025 को वड़ोदरा में शुरू होने वाले एफएमएससीआई इंडियन नेशनल सुपरक्रॉस चैंपियनशिप (आईएनएससी) के 2025 सीजन में एक बार फिर ट्रैक पर धूम मचाने के लिए तैयार है।

2024 के एक प्रभावशाली सीजन के बाद जिसने भारतीय दोपहिया रेसिंग में अपने नेतृत्व की पुष्टि की, भारत की पहली फैक्टरी रेसिंग टीम नए सिरे से फोकस, अपग्रेडेड मशीनों और एक शक्तिशाली 8-राइडर लाइन-अप के साथ लौटी है। इस टीम में अनुभवी चैंपियन और विशेषज्ञ राइडर जैसे ऋग्वेद बरगुजे, ईक्षण शानबाग और प्रज्वल वी शामिल हैं, जो ग्रुप ए - फॉरेन ओपन एसएक्स1 में प्रतिस्पर्धा करेंगे।

## श्रीराम फार्म सोल्युशन्स ने लॉन्च किए 2 नए स्पेशलटी प्लांट न्यूट्रिशन प्रोडक्ट्स

**मुंबई, एजेंसी।** डीसीएम श्रीराम लिमिटेड के एक प्रभाग श्रीराम फार्म सोल्युशन्स ने अपने नए स्पेशलटी प्लांट न्यूट्रिशन प्रोडक्ट्स का लॉन्च किया, साथ ही हाल ही में लॉन्च किए गए श्रीराम क्रॉप प्रोटेक्शन एवं सीड प्रोडक्ट्स के साथ किसानों को मिली सफलता पर भी रोशनी डाली। कार्यक्रम का आयोजन होटल प्राइड, भोपाल, मध्य प्रदेश में किया गया था, जहां क्षेत्र के चैनल पार्टनर्स इन आधुनिक समाधानों के उद्घाटन के अवसर पर इकट्ठा हुए।

इतना ही नहीं, 125 से अधिक डिस्ट्रब्यूटर्स एवं ब्यूअर्स ने सेंट्रल ज़ोन की श्रीराम सुपर व्हीट सीड स्कीम की भव्य पुरस्कार समारोह में हिस्सा लिया। भारतीय किसानों की ज़रूरतों और स्थायी कृषि के राष्ट्रीय दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए कंपनी दो आधुनिक लिम्डि फर्टीलाइज़र लेकर आई है- 'श्रीराम पिकासोल' और 'श्रीराम मैगनिका'।

# रिलायंस जनरल इंश्योरेंस ने 12.5 प्रतिशत की साल-दर-साल वृद्धि के साथ 315 करोड़ रुपये का पीएटी हासिल किया

**मुंबई एजेंसी।** रिलायंस जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (कंपनी) ने वित्त वर्ष 2024-25 में अपनी डिजिटल-प्रथम रणनीति, ग्राहक-केंद्रित उत्पादों और विविध वितरण रणनीति के दम पर मजबूत प्रदर्शन किया। कंपनी ने रिटेल, कॉर्पोरेट और सरकारी व्यवसाय खंडों में अपनी पहुंच का विस्तार करते हुए मजबूत जोखिम प्रबंधन प्रथाओं को बनाए रखा। कंपनी, जो लगभग तीन वर्षों तक आईबीसी के तहत चुनौतियों का सामना कर रही थी, को इंडसइंड इंटरनेशनल होल्डिंग्स लिमिटेड (आईआईएचएल) द्वारा अधिग्रहण किया गया है। कंपनी की स्थिति को पुनर्जनन देने के लिए, नए प्रवर्तक ने पहले ही 300 करोड़ रुपये की पूंजी डाली है। बीमा व्यवसाय में वितरण चैनल एक प्रमुख लाभ होने के नाते, प्रवर्तक की विशाल अखिल-भारतीय नेटवर्क से निकटता कंपनी की पहुंच को

RELIANCE GENERAL INSURANCE

और बढ़ावा देगी। कंपनी के प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए, रिलायंस जनरल इंश्योरेंस के सीईओ, श्री राकेश जैन ने कहा- वित्त वर्ष 2024-25 एक अनुशासित कार्यान्वयन, रणनीतिक निवेश और लचीले विकास का वर्ष रहा, भले ही बाजार गतिशील और चुनौतीपूर्ण रहा। निर्बाध ग्राहक अनुभव प्रदान करने, अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों को अपनाने और प्रतिभा में निवेश पर हमारा निरंतर ध्यान हमें एक मजबूत, भविष्य के लिए तैयार संगठन बनाने में मदद करता है। हम नवोन्मेषी और विश्वसनीय बीमा समाधानों के माध्यम से लाखों भारतीयों की आकांक्षाओं की रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने आगे कहा कि मार्च 2025 में रिलायंस कैपिटल लिमिटेड के सीआईआरपी के सफल समापन ने इंडसइंड इंटरनेशनल होल्डिंग्स लिमिटेड (आईआईएचएल) की देखरेख में हमारे लिए एक परिवर्तनकारी नया अध्याय खोला है। आईआईएचएल के मजबूत वित्तीय समर्थन और वित्तीय सेवाओं में सिद्ध विशेषज्ञता के साथ, हम अपने विकास यात्रा को तेज करने और भारत के सामान्य बीमा क्षेत्र में नवाचार की अगली लहर का नेतृत्व करने में सक्षम हैं।



# Shilpa Shinde की तरह मुंहफट होती हैं इस राशि की लड़कियां दुश्मनों का कर देती हैं जीना हराम

**अपनी** इस रिपोर्ट में हम आपको बताएंगे कि टीवी अदाकारा शिल्पा शिंदे की राशि क्या है. शिल्पा शिंदे की राशि जानकर आप जान जाएंगे कि उनको बात बात पर इतनी जल्दी गुस्सा क्यों आ जाता है.

शिल्पा शिंदे टीवी की उन अदाकाराओं में से एक हैं जो कि आए दिन किसी न किसी वजह से विवादों में बनी रहती हैं. शिल्पा शिंदे जब जब टीवी की दुनिया में कदम रखती हैं तब तब बवाल हो जाता है. बिग बॉस के घर में तो शिल्पा शिंदे ने अपने दुश्मन विकास गुप्ता का जीना ही हराम कर दिया था. बिग बॉस से पहले शिल्पा शिंदे ने सीरियल भाभी जी घर पर है को लेकर खूब सुर्खियां बटोरी थीं. बीते कई सालों से शिल्पा शिंदे का नाता विवादों से रहा है. क्या आपने कभी सोचा है कि शिल्पा शिंदे का व्यवहार ऐसा क्यों होता है. क्यों शिल्पा शिंदे बिना कुछ सोचे समझे कुछ भी बोल जाती हैं. इस राज का जवाब मिलता है एस्ट्रोलॉजी में... शिल्पा शिंदे एक ऐसी राशि से नाता रखती हैं जो कि बहुत अनप्रडिक्टेबल है.

शिल्पा शिंदे कब क्या कर जाएं ये शायद वो खुद भी नहीं जानतीं. बता दें कि शिल्पा शिंदे की राशि कन्या है... कन्या राशि की जातक होने की वजह से शिल्पा शिंदे का दिमाग बहुत की कैलकुलेटिव है. शिल्पा शिंदे बिना सोचे समझे कोई फैसला नहीं करती हैं. ये राशि शिल्पा शिंदे को असल जिंदगी में बहुत प्रैक्टिकल बनाती है. शायद यही वजह है जो शादी जैसे फैसले को लेकर शिल्पा शिंदे ने पीछे हटना ही जरूरी समझा. प्यार के मामले में भी शिल्पा शिंदे ने अपने दिमाग का इस्तेमाल किया.

इसके अलावा पसंद के मामले में शिल्पा शिंदे बहुत चूजी हैं. शिल्पा शिंदे हर किसी शख्स और चीज को पसंद नहीं कर सकतीं. बिग बॉस के घर में तो ये सबने देख ही लिया था. खैर, कन्या राशि शिल्पा शिंदे को वर्कोहॉलिक और प्रोफेशनलिस्ट बनाती है. इस राशि की वजह से शिल्पा शिंदे एक ओबरथिंकर भी हैं. एक ओवरथिंकर तिल का ताड़ कब बना दे ये कोई नहीं जानता. इस राशि के जातक समझदार होने के साथ साथ थोड़े जिद्दी भी होते हैं. कन्या राशि शिल्पा शिंदे को शर्मीला स्वभाव देती है.

जॉन अब्राहम ने बताया क्यों नहीं करते ओटीटी की फिल्में या सीरीज

# 'मैं बड़े पर्दे के लिए बना हूं'

**मौजूदा** वक्त में ओटीटी के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए हर बॉलीवुड स्टार अब ओटीटी पर डेब्यू कर रहा है। इस लिस्ट में अजय देवगन और शाहिद कपूर सरीखे स्टार्स भी शामिल हैं। हालांकि, अभिनेता जॉन अब्राहम खुद को इस लिस्ट से फिलहाल दूर रखना चाहते हैं। वो ये नहीं मानते कि उन्हें अभी ओटीटी डेब्यू करने की जरूरत है। उनका मानना है कि वो सिनेमाघरों के लिए ही बने हैं।



## इसलिए ओटीटी से दूर हैं जॉन

हालिया बातचीत में जॉन अब्राहम ने ओटीटी के बढ़ते प्रभाव और बॉलीवुड स्टार्स के ओटीटी डेब्यू को लेकर बात की। इस दौरान उन्होंने साझा किया कि आखिर वो क्यों ओटीटी प्लेटफॉर्म के लिए काम नहीं कर रहे हैं। उन्होंने कहा, मेरे दिमाग में, मुझे लगता है कि मैं बड़े पर्दे के लिए बना हूं। डिजिटल प्लेटफॉर्म पर उतरने के लिए बड़े स्तर पर सेटअप और एक डेडिकेटेड टीम की जरूरत होती है। फिर भी क्रिएटर अक्सर प्रोजेक्ट्स का अधिकार या मालिकाना हक नहीं रख पाते।

## फिलहाल वेब सीरीज करने का इरादा नहीं

अभिनेता ने आगे कहा, कमाई का पैसा आमतौर पर प्रोजेक्ट की लागतों से ऑफसेट होताहै। जिससे प्रोजेक्ट कम सफल या सार्थक हो जाता है। ओटीटी से जुड़े अधिकतर लोग इस बात से सहमत होंगे। यही कारण है कि मैं अभी वेब सीरीज नहीं करना चाहता। हालांकि, इसमें कोई दोराय नहीं कि अगर बढ़िया कहानी मिलती है, जो मुझे वाकई में पसंद आएगी, तो मैं वेब सीरीज जरूर बनाऊंगा।



# सनी लियोनी ने हॉलीवुड फिल्म की शूटिंग की पूरी

**बॉलीवुड** एक्ट्रेस सनी लियोनी ने भी अब हॉलीवुड की राह पकड़ ली है। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी डेब्यू हॉलीवुड फिल्म की शूटिंग पूरी की है। शूटिंग से जुड़ी कुछ तस्वीरें भी वायरल हुई, जिसमें सनी लियोनी के किरदार की भी झलक मिल रही है।

सनी लियोनी साल 2012 में बॉलीवुड फिल्म 'जिस्म 2' में बोल्ड सीन्स देकर चर्चा में आई। इसके बाद वह कई हिंदी और दक्षिण भारतीय फिल्मों में दिखीं। सनी लियोनी ने कुछ फिल्मों में एक्टिंग की तो किसी में आइटम डांस करके लाइमलाइट में बनी रही हैं।

जल्द ही वह हॉलीवुड में भी डेब्यू कर रही हैं। हाल ही में सनी लियोनी ने अपनी हॉलीवुड फिल्म की शूटिंग खत्म की है। इस फिल्म की शूटिंग से जुड़ी कुछ तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर वायरल हैं।

सोशल मीडिया पर सनी लियोनी हॉलीवुड फिल्म की शूटिंग से जुड़ी तस्वीरें वायरल हो रही हैं, उनमें वह एक आर्मी ऑफिसर के रोल में दिख रही हैं। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में भी बताया गया है कि वह एक अमेरिकी सैनिक का रोल वह फिल्म में निभाएंगी, जो संयुक्त राष्ट्र शांति से जुड़ी है। फिल्म में सनी लियोनी का किरदार काफी संजीदा बताया गया है क्योंकि यह एक युद्ध पर आधारित फिल्म है।

## एक्शन करेंगी सनी लियोनी

अपनी हॉलीवुड फिल्म में सनी लियोनी एक्शन करती दिखेंगी। सोशल मीडिया पर सनी लियोनी की हॉलीवुड फिल्म की शूटिंग की जो तस्वीरें वायरल हैं, उसमें एक्शन की झलक मिल रही है। सनी लियोनी के हाथों में गन नजर आ रही है, एक सीन में वह कंट्रोल रूम में नजर आ रही हैं।

## बॉलीवुड-साउथ की फिल्मों में भी आएंगी नजर

सनी लियोनी सिर्फ हॉलीवुड नहीं कर रही हैं, वह हिंदी और साउथ की फिल्मों में भी जल्द नजर आएंगी। इस साल वह 'बैडएस रवि कुमार' में कैमियो करती दिखीं। जल्द ही दो मलयालम फिल्म 'रंगीला' और 'शेरो' में नजर आएंगी। इसके अलावा 'द बैटल ऑफ भीमा कोरेगांव' में वह एक स्पेशल आइटम नंबर करेंगी।

# दीपिका के फिल्म छोड़ने पर भड़के संदीप वांगा?

## क्रिप्टिक पोस्ट में बोले- बिल्ली खंबा नोचे

दीपिका पादुकोण के 'स्पिरिट' फिल्म से बाहर होने पर ऐसा लगता है संदीप रेड्डी वांगा काफी नाराज हैं। जानिए अपने क्रिप्टिक पोस्ट में उन्होंने क्या कुछ लिखा है। मशहूर निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'स्पिरिट' को लेकर चर्चाओं में बने हुए हैं। फिल्म से दीपिका पादुकोण के बाहर होने के बाद अब तृप्ति डिमरी को बतौर लीड एक्ट्रेस शामिल किया गया है। लेकिन दीपिका पादुकोण के फीस और काम के घंटों को लेकर फिल्म छोड़ने का विवाद अब गहराता जा रहा है। क्योंकि अपने बेबाक बयानों के लिए मशहूर संदीप रेड्डी वांगा दीपिका पादुकोण के इस फैसले से नाखुश हैं। निर्देशक ने सोशल मीडिया पर क्रिप्टिक पोस्ट किया है, जिसे दीपिका पादुकोण से जोड़कर देखा जा रहा है। 'कबीर सिंह' और 'एनीमल' फिल्मों का निर्देशन करने वाले संदीप रेड्डी वांगा ने अपने एक्स अकाउंट पर एक पोस्ट किया है। जो अब सुर्खियां बटोर रहा है। इस पोस्ट में संदीप ने लिखा है, ÷जब मैं किसी एक्टर को कहानी सुनाता हूं, तो मैं उस पर 100ऋ भरोसा करता हूं। हमारे बीच एक अनकहा एनडीए (नॉन डिस्क्लोज एग्रीमेंट) होता है।



# तलाक के बाद पूरी तरह से बदल गई धनश्री की जिंदगी

**कोरियोग्राफर**, अभिनेत्री और यूट्यूबर धनश्री वर्मा पिछले दिनों क्रिकेटर युजवेंद्र चहल से अपने तलाक को लेकर काफी चर्चाओं में रही थीं। इस दौरान उन्हें ट्रोलिंग का भी सामना करना पड़ा था। अब धनश्री ने चहल से तलाक के बाद अपनी जिंदगी और ट्रोलिंग को लेकर बात की है। हालिया बातचीत में धनश्री ने तलाक के बाद अपने जीवन में आए बदलाव पर बात करते हुए कहा कि तलाक के बाद वह पूरी तरह से बदल गई हैं। साथ ही उन्हें ट्रोलिंग से कोई फर्क नहीं पड़ता, क्योंकि उन्होंने खुद को मजबूत बनाया है। धनश्री ने कहा, ट्रोलिंग मुझे बिल्कुल भी परेशान नहीं करती है क्योंकि मैंने खुद को अंदर से मजबूत कर लिया है। मैंने खुद को इस हद तक सुरक्षित रखा है कि बाहरी शोर मुझे परेशान नहीं करता। मैं हमेशा से एक मेहनती व्यक्ति रही हूं। अब मैंने अपनी लाइफस्टाइल को पूरी तरह से बदल दिया है और आंतरिक शक्ति, अनुशासन, व्यायाम और अच्छे खाने पर ध्यान केंद्रित किया है। खुद को ऐसे लोगों के साथ रखा है जो मुझे प्यार करते हैं और मेरा सम्मान करते हैं। अपने मुश्किल वक्त को लेकर धनश्री ने आगे कहा, इस मुश्किल दौर में मैंने अपनी भावनाओं को अपने हुनर यानी डांस में ढालने का प्रयास किया है। मुझे उम्मीद है कि मैंने और लोगों को ताकत को अपना हथियार बनाने के लिए प्रेरित किया है। मैंने जो सबसे बड़ी चीज सीखी है, वह है आत्मनिर्भरता का महत्व और मेरे माता-पिता ने एक मजबूत बेटी की परवरिश की है।



# ताहा शाह बदुशा को कान्स में सम्मान

**हीरामंडी और पारो के लिए वर्ष के प्रभावशाली अभिनेता का खिताब मिला**



डायनेमिक अभिनेता ताहा शाह बदुशा ने कान्स फिल्म फेस्टिवल में एक बड़ी जीत के साथ अंतरराष्टीय मंच पर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करवाई है। जहाँ उन्हें संजय लीला भंसाली द्वारा निर्देशित ऐतिहासिक महाकाव्य हीरामंडी और गजेंद्र अहिरे द्वारा निर्देशित दुल्हन की गुलामी की एक मार्मिक कहानी पारो में उनके दमदार अभिनय के लिए इन्फ्लुएंशियल ऐक्टर ऑफ द ईयर के पुरस्कार से सम्मानित किया गया, जिसमें तृप्ति भोईर ने उनके ऑपोजिट अभिनय किया है, जिसके साथ ताहा ने राशिद का किरदार निभाया है। एक ऐसा पति जो इस शोषणकारी व्यवस्था में महिलाओं की पीड़ा को समझता है और उसके संघर्षों के प्रति सहानुभूति रखता है। उनकी यह भूमिका फिल्म की कहानी में गहराई और संवेदनशीलता लेकर आती है। कान्स फिल्म फेस्टिवल में प्रदर्शित होने के बाद पारो को ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में भी दिखाया जाएगा, जिससे इसकी वैश्विक पहुंच एवं प्रभाव और भी बढ़ेगा। ताहा की इस जीत ने सिनेमा की परिवर्तनकारी शक्ति पर महत्वपूर्ण चर्चाओं को जन्म दिया है। प्रशंसक और फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े लोग उनके सामाजिक सरोकारों के प्रति समर्पण की जमकर सराहना कर रहे हैं।

अपनी इस उपलब्धि के बाद ताहा ने एक भावुक पोस्ट साझा करते हुए लिखा÷इस वैश्विक सम्मान के लिए आभारी हूं, धन्यवाद WIBA अवॉर्ड्स! विश्व स्तर पर ताहा शाह की मौजूदगी ने उन्हें आलोचकों की प्रशंसा और दर्शकों का प्यार दोनों ही दिलवाया है। लेकिन यह उनका समर्पण है कि वे अपने मंच का इस्तेमाल बड़े उद्देश्यों के लिए करते हैं जो उन्हें दूसरों से अलग करता है।



# फातिमा सना शेख ने इसलिए की ओटीटी की तारीफ, कहा- एक कलाकार तनाव मुक्त रहता है

बॉलीवुड अभिनेत्री फातिमा सना शेख आखिरी बार साल 2023 में फिल्म सैम बहादुर में नजर आई थीं। वह अगले साल बहुत व्यस्त रहने वाली हैं। उनके पास कई फिल्में हैं। फातिमा सना शेख जल्द ही आप जैसा कोई, गुस्ताख इश्क और मेट्रो... इन दिनों जैसी कई फिल्मों में नजर आने वाली हैं। फिल्मों के अलावा सना वेब सीरीज न्याय में नजर आएंगी।

फातिमा सना शेख से जब पूछा गया कि उन्होंने न्याय शो से ओटटी में कदम क्यों रखा? इस पर उन्होंने कहा मुझे कहानी बहुत पसंद आई। इसमें मेरा किरदार दिलचस्प था और मैं पहली बार एक पुलिस की भूमिका निभाने वाली थी। इसलिए मैं इसके लिए उत्साहित हूं। इस कहानी का एक मकसद है। यह कहानी ऐसी है जो किसी चीज के बारे में बात करती है। इसलिए मुझे एक ऐसे शो का हिस्सा बनकर बहुत मजा आया जो सिर्फ एक विषय से कहीं बड़ा है। इन दिनों फिल्मों और सीरीज में कई बड़े अभिनेता काम कर रहे हैं। कुछ बड़े पर्दे पर तो कुछ ओटीटी के लिए काम कर रहे हैं। इस पर फातिमा ने कहा रेखा धुंधली हो गई है और आज हर कोई सिर्फ अच्छे प्रोजेक्ट बनाना चाहता है। अच्छे प्रोजेक्ट को लोगों तक पहुंचाना चाहता है। इस समय माध्यम ज्यादा मायने नहीं रखता। सिनेमा का आकर्षण है। ओटीटी पर इसकी कमी महसूस होती है, लेकिन वेब पर बहुत सारी बेहतरीन चीजें हैं। यहां बॉक्स ऑफिस का कोई दबाव नहीं है। लोग वही बना रहे हैं जो वे बनाना चाहते हैं और इसमें एक आजादी है।

-साभार-एजेंसी



भारतीय सेना के लिए बीसीसीआई कर रहा स्पेशल इवेंट

# आईपीएल क्लोजिंग सेरेमनी ऑपरेशन सिंदूर के नाम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2025 की क्लोजिंग सेरेमनी भारतीय सशस्त्र बलों के लिए समर्तित रहेगी. इस दौरान ऑपरेशन सिंदूर के वीरों को सम्मान किया जाएगा. भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने घोषणा की है कि आगामी आईपीएल 2025 की क्लोजिंग सेरेमनी को भारतीय सशस्त्र बलों के सम्मान में समर्पित किया जाएगा. यह सेरेमनी 3 जून को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होगी. जहां आईपीएल का फाइनल खेला जाएगा इस पहल का उद्देश्य ऑपरेशन सिंदूर के तहत आतंकवादी ठिकानों के खिलाफ भारतीय सेना की सफल कार्रवाई को सम्मान देना है.

बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने बताया- हम बीसीसीआई की ओर से हमारे वीर सैनिकों की बहादुरी, हिम्मत और निःस्वार्थ सेवा को सलाम करते हैं. ऑपरेशन सिंदूर के तहत हमारे जवानों ने जो बहादुरी दिखाई है, वो देश को सुरक्षित रखने के साथ-साथ हम सभी को प्रेरित भी करती है.

इसी सम्मान में हमने फैसला किया है कि आईपीएल 2025 के समापन समारोह को सेना को समर्पित करेंगे और हमारे सैनिकों को सम्मानित करेंग. क्रिकेट भले ही देश का सबसे पसंदीदा खेल है, लेकिन देश की संप्रभुता, अखंडता और सुरक्षा सबसे ऊपर है. गौरतलब है कि 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में 26 नागरिकों की मौत के बाद, भारतीय सशस्त्र बलों ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में आतंकवादी ठिकानों पर हमले किए किए थे. इस हमले के बाद आईपीएल को एक सप्ताह के लिए स्थगित कर दिया गया था.

# सूर्यकुमार ने आईपीएल 2025 में रचा इतिहास



**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2025 में मुंबई इंडियंस के स्टार बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। उन्होंने एक सीजन में सबसे ज्यादा बार 25 या उससे अधिक रन बनाने का रिकॉर्ड अपने नाम किया। सूर्या ने 2025 के सीजन में 14 बार 25+ रन बनाए, जो आईपीएल इतिहास में किसी भी बल्लेबाज का सर्वोच्च प्रदर्शन है। इससे पहले यह रिकॉर्ड केन विलियमसन (2018) और शुभमन गिल (2023) के नाम था, जिन्होंने 13-13 बार यह कारनामा किया था।

सूर्या की इस उपलब्धि में उनकी 171.68 की स्ट्राइक रेट और 640 रनों का योगदान शामिल है, जो मुंबई के लिए एक सीजन में सबसे ज्यादा रन भी है। जयपुर में पंजाब किंग्स के खिलाफ 57 रनों की पारी ने उनके रिकॉर्ड को और चमकाया। सूर्या की निरंतरता ने मुंबई को प्लेऑफ तक पहुंचाया और प्रशंसकों का दिल जीता। पहली पारी खत्म होने के बाद सूर्यकुमार यादव ने पिच पर बात करते हुए कहा कि यह चुनौतीपूर्ण थी। पेसरों, स्पिनरों के साथ यह थोड़ा चिपचिपा लग रहा था। मुझे लगता है कि हार्दिक और नमन ने जिस तरह से शुरुआत से बल्लेबाजी की, उससे हम 10-15 रन कम रह गए।

तेज गति और अच्छी सीम अप डिलीवरी बल्लेबाजों के लिए एक चुनौती होगी। इस विकेट के लिए हमारे पास अच्छा स्कोर है, यह एक चुनौती होगी। मेरा पसंदीदा शॉट स्वीप और स्क्वायर लेग पर फ्लिक रहे हैं।



## हमने अभी तक कुछ हासिल नहीं किया है : पंजाब किंग्स के मुख्य कोच पोंटिंग

**जयपुर, एजेंसी।** पंजाब किंग्स की टीम ने इंडियन प्रीमियर लीग के वर्तमान सत्र में अभी तक शानदार प्रदर्शन किया है लेकिन मुख्य कोच रिकी पोंटिंग का मानना है कि टीम ने अभी तक कुछ हासिल नहीं किया है और एक दशक से अधिक समय में प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करना अभी आधा-अधूरा काम है। पंजाब किंग्स ने मुंबई इंडियंस को 7 विकेट से हराकर प्लेऑफ में शीर्ष दो में अपना स्थान पक्का कर लिया है जिससे उसे फाइनल में पहुंचने के लिए दो मौके मिलेंगे। पोंटिंग ने जियोहॉटस्टार से कहा, 'मुझे लगता है कि यह स्पष्ट हो गया है कि यह वास्तव में एक प्रतिभाशाली टीम है जो सही दिशा में आगे बढ़ रही है।

# रोहित -विराट के बाद अब इस भारतीय खिलाड़ी ने कर दिया संन्यास का ऐलान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम 5 मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए आईपीएल 2025 के बाद इंग्लैंड रवाना होगी, जिसके लिए बीसीसीआई ने स्क्वॉड का ऐलान कर दिया है. विराट कोहली और रोहित शर्मा इस दौरे से पहले टेस्ट से रिटायरमेंट ले चुके हैं. शुभमन गिल की कप्तानी में एक युवा टीम इंग्लैंड जाएगी. इस बीच एक और भारतीय क्रिकेटर ने अपने रिटायरमेंट का ऐलान करते हुए भावुक पोस्ट शेयर किया.

डोमेस्टिक क्रिकेट में गुजरात के लिए खेलने वाले प्रियांक पांचाल ने 35 साल की उम्र में फर्स्ट क्लास क्रिकेट को अलविदा कह दिया. उन्होंने फर्स्ट क्लास क्रिकेट में 8 हजार से अधिक रन बनाए. सलामी बल्लेबाज प्रियांक ने डोमेस्टिक क्रिकेट में 250 से अधिक मैच खेले. साल 2021 में प्रियांक को भारतीय टीम में चुना गया था. साउथ अफ्रीका दौरे पर उन्हें रोहित शर्मा के चोटिल होने के बाद टीम में शामिल किया गया था लेकिन उन्हें डेब्यू का मौका नहीं मिल सका था.

## प्रियांक पांचाल डोमेस्टिक करियर

गुजरात और वेस्ट जोन से खेलने वाले प्रियांक ने 127 फर्स्ट क्लास मैचों में 45.18 की एवरेज से 8856 रन बनाए. इसमें 29 शतक और 34 अर्धशतक हैं. फर्स्ट क्लास में उनके नाम 16 विकेट भी हैं. 97 लिस्ट ए मैचों में उन्होंने 3672 रन और 59 टी20 मुकाबलों में 1522 रन बनाए हैं. लिस्ट ए में उनके नाम 8 शतक और 21 अर्धशतक हैं.



## प्रियांक पांचाल ने शेयर किया भावुक पोस्ट

उन्होंने अपने सोशल मीडिया पर फर्स्ट क्लास क्रिकेट से रिटायरमेंट की घोषणा करते हुए लिखा, बड़े होते हुए, हर कोई अपने पिता को देखता है, उन्हें आदर्श मानता है, प्रेरित होता है, और उन्हें प्रभावित करने की कोशिश करता है, मैं भी इससे अलग नहीं था. मेरे पिता मेरे लिए लंबे समय तक ताकत का स्रोत रहे, उन्होंने मुझे जो ऊर्जा दी, उससे मैं अभिभूत हूं, जिस तरह से उन्होंने मुझे अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रोत्साहित किया, एक अपेक्षाकृत छोटे शहर से उठकर एक दिन भारत की कैप पहनने की आकांक्षा रखने का साहस किया. वह बहुत पहले हमें छोड़कर चले गए, और यह एक ऐसा सपना था जिसे मैं लगभग दो दशकों तक, हर सीजन में, आज तक अपने साथ लेकर चलता रहा. मैं, प्रियांक पांचाल, तत्काल प्रभाव से प्रथम श्रेणी क्रिकेट से अपने संन्यास की घोषणा करता हूं. यह एक भावनात्मक क्षण है. यह एक समृद्ध क्षण है. और यह एक ऐसा क्षण है जो मुझे बहुत कृतज्ञता से भर देता है.



# नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट की रोमांचक शुरुआत, कार्लसन की सटीकता के आगे गुकेश को मिली हार

**स्टावेंजर (नॉर्वे), एजेंसी।** नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट की शुरुआत बेहद शानदार रही। पहले ही दिन खेले गए मुकाबले बहुत रोमांचक थे। यह टूर्नामेंट इस साल का सबसे प्रतीक्षित शतरंज मुकाबला माना जा रहा है।

दुनिया के नंबर 1 खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन और मौजूदा विश्व चैंपियन गुकेश डोम्मराजू के बीच मुकाबला बेहद कड़ा रहा। सफेद मोहरों से खेलते हुए कार्लसन ने आखिरी चरण में अपने अनुभव का पूरा फायदा उठाया। समय की कमी के कारण गुकेश से एक चूक हो गई, और कार्लसन ने खेल को अपने पक्ष में सटीक रूप से समाप्त किया। एक और दिलचस्प मुकाबला अमेरिका के दो दिग्गजों, हिकारू नाकामुरा और फैबियानो कारुआना के बीच हुआ। नाकामुरा ने खेल के दौरान ड्रॉ (बराबरी) का प्रस्ताव दिया था, लेकिन कारुआना ने उसे ठुकरा दिया। अंत में नाकामुरा ने काले मोहरों से खेलते हुए यह मैच जीत लिया।

वेई यी और अर्जुन एरिगैसी का मुकाबला सबसे पहले समाप्त हुआ, जो ड्रॉ रहा। इसके बाद 'आर्मागेडन' नामक दमदार गेम हुआ, जिसमें अर्जुन ने वेई यी के दबाव को अच्छे से झेला और जीत दर्ज की।

महिला वर्ग में भी जबरदस्त मुकाबले हुए। भारत की हम्पी कोनेरू ने वैशाली रमेशबाबू को हराकर दिन की इकलौती निर्णायक जीत दर्ज की। हम्पी ने शांत और सटीक खेल दिखाते हुए अंतिम चरण में वैशाली की गलती का फायदा उठाया। बाकी दो मुकाबले - अन्ना मुझिचुक बनाम सरसादात खादेमालशारिह और लेई टिंगजी बनाम जू वेनजुन बराबरी पर खत्म हुए। बाद में हुए 'आर्मागेडन' गेम्स में अन्ना और लेई टिंगजी ने अपने-अपने मैच जीतकर दिन का समापन जीत के साथ किया।

इस साल के नार्वे शतरंज लाइनअप में बड़े नाम शामिल हैं - विश्व चैम्पियन गुकेश डोम्मराजू, विश्व नंबर 1 मैग्नस कार्लसन, फैबियानो कारुआना, हिकारू नाकामुरा, अर्जुन एरिगैसी और वेई यी। महिला वर्ग में विश्व चैम्पियन जू वेनजुन, लेई टिंगजी, हम्पी कोनेरू, अन्ना मुझिचुक, वैशाली रमेशबाबू और सरसादत खादेमालशारिह शामिल हैं।

### एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिपः

# जेवलिन थ्रोवर नीरज चोपड़ा की अनुपस्थिति में भारत का ये दिग्गज खिलाड़ी पाकिस्तान के अरशद नदीम को देगा चुनौती

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दक्षिण कोरिया में मंगलवार से शुरू हुई एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारत के उभरते हुए सितारे सचिन यादव और अन्य एथलीट अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाने के लिए तैयार हैं। इस प्रतियोगिता में भारत की नजरें न केवल पदक पर हैं, बल्कि विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई करने पर भी टिकी हैं। इस बार, स्टार भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा की अनुपस्थिति में 25 वर्षीय सचिन यादव भारतीय चुनौती का नेतृत्व करेंगे।



सचिन यादव, जिनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 84.39 मीटर है, अपने पहले अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ भाला फेंक खिलाड़ी, पाकिस्तान के अरशद नदीम के खिलाफ उतरेंगे। अरशद ने पिछले साल पेरिस ओलंपिक में 92.97 मीटर की थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता था। हालांकि, सचिन का कहना है कि वह अपने प्रतिद्वंद्वियों पर ज्यादा ध्यान नहीं देते। मैं केवल अपनी ट्रेनिंग और प्रदर्शन पर ध्यान दे रहा हूं। मेरा लक्ष्य 85.50 मीटर की विश्व चैंपियनशिप क्वालीफिकेशन दूरी को पार करना है, सचिन ने बताया।

सचिन के साथ-साथ भारत के यश वीर सिंह भी भाला फेंक में अपनी छाप छोड़ने को तैयार हैं। यश का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 82.13 मीटर और सीजन का सर्वश्रेष्ठ 80.85 मीटर है। हालांकि, उन्हें पोडियम पर जगह बनाने के लिए असाधारण प्रदर्शन करना होगा। श्रीलंका के सुमेधा रणसिंघे (85.78 मीटर) और रुमेश थरंगा पथिरगे (85.41 मीटर) जैसे खिलाड़ी भी इस स्पर्धा में कड़ी चुनौती पेश करेंगे।

## मध्यम दूरी में भारत की मजबूत दावेदारी

मध्यम दूरी की दौड़ में भारत का दबदबा कायम है। अविनाश साबले, परुल चौधरी और गुलवीर सिंह इस बार भारत की पदक उम्मीदों के केंद्र में हैं। अविनाश साबले, जिन्होंने 2023 एशियाई खेलों में 3,000 मीटर स्टीपलचेज में स्वर्ण जीता था, इस बार भी प्रबल दावेदार हैं।

उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी, जापान के रियुजी मिउरा इस स्पर्धा में हिस्सा नहीं ले रहे, लेकिन जापान के रियोमा आओकी से उन्हें कड़ी टक्कर मिल सकती है। साबले का इस सीजन का सर्वश्रेष्ठ समय 8:22.59 रहा है।

# फ्रेंच ओपनः डेनियल अल्टमायर ने पहले दौर में टेलर फ्रिट्ज को हराया

**पेरिस, एजेंसी।** जर्मनी के डेनियल अल्टमाइर ने फ्रेंच ओपन का पहला बड़ा उलटफेर कर दिया। उन्होंने पहले दौर में चौथी वरीयता प्राप्त टेलर फ्रिट्ज को हराया। विश्व के 66वें नंबर के खिलाड़ी डेनियल अल्टमायर ने फ्रिट्ज को चार सेटों में 7-5, 3-6, 6-3, 6-1 से हराया। कोर्ट में अपने तेज शॉट्स के लिए जाने जाने वाले अल्टमायर ने दो घंटे, 41 मिनट के मुकाबले में साहस के साथ खेला। उनके खेल में आक्रामकता, नियंत्रण और बुद्धिमत्ता का मिश्रण था जिसने फ्रिट्ज जैसे दिग्गज को भी धराशाई कर दिया। मैच के बाद अल्टमायर ने कहा, यह बहुत खास था, मैं पिछले कुछ हफ्तों से आत्मविश्वास हासिल करने और इस तरह के मैचों के लिए तैयार होने के लिए वास्तव में कड़ी मेहनत कर रहा हूं। मुझे लगता है कि मैं किसी का भी सामना करने के लिए तैयार हूं। 26 वर्षीय जर्मन खिलाड़ी ने पेरिस के क्ले कोर्ट पर अपनी क्षमता पहले भी दिखाई थी। वह 2020 में चौथे राउंड तक पहुंचे थे। सोमवार की जीत रोलां गैरो में उनके करियर की तीसरी बड़ी जीत थी। वहीं, 2020 में माटेओ बेरेटिनी को और 2023 में जैनिक सिनर को हराने के बाद शीर्ष 10 प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ियों के खिलाफ उनकी कुल पांचवीं जीत थी। मैच का सबसे अहम समय चौथे सेट में अल्टमायर का दबदबा था, जहां उन्होंने दो ब्रेक सर्व के साथ बढ़त हासिल की। एक विशेष रूप से आश्चर्यजनक रैली विजेता के इनसाइड-आउट फोरहैंड के साथ समाप्त हुई। यहीं फ्रिट्ज चूक गए।



### बीसीसीआई पर भड़के वीरेंद्र सहवाग

# गिल प्लेइंग 11 में भी फिट नहीं बैठते, उसे कप्तान कैसे बनाया जा सकता है

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के आगामी इंग्लैंड दौरे के लिए पिछले हफ्ते टीम की घोषणा की गई। शुभमन गिल को भारतीय टेस्ट टीम की कप्तानी सौंपी गई जबकि ऋषभ पंत को उप-कप्तानी मिली। रोहित शर्मा और विराट कोहली के संन्यास के बाद कई अटकलों के बीच जसप्रीत बुमराह को विकल्प के रूप में देखा जा रहा था और गिल की घोषणा ने कुछ लोगों को चौंका दिया जिसमें एक नाम पूर्व ओपनर वीरेंद्र सहवाग का भी है। सहवाग ने बीसीसीआई के इस फैसले की आलोचना करते हुए कहा कि शुभमन गिल प्लेइंग 11 में भी फिट नहीं बैठते। सहवाग ने कहा, वह दूसरा सबसे अच्छा विकल्प था। लेकिन जो प्लेइंग 11 में भी फिट नहीं बैठता, उसे कप्तान कैसे बनाया जा सकता है?

इसलिए मुझे लगता है कि यहां तर्क यह था कि उन्होंने देखा कि दूसरा सबसे अच्छा विकल्प कौन था, और वह गिल थे और ऐसा ही हुआ। दूसरी ओर सहवाग बुमराह को अतिरिक्त जिम्मेदारी न देने के लिए चयनकर्ताओं से सहमत थे। हालांकि वह





तिवारी से असहमत थे और उन्होंने गिल को तीसरा सबसे अच्छा विकल्प बताया, न कि दूसरा। उन्होंने कहा, एक सीरीज के लिए बुमराह ठीक हैं। लेकिन एक दीर्घकालिक विकल्प के रूप में आपको यह पूछने की जरूरत है कि अगर भारत एक साल में 10 टेस्ट खेलता है, तो क्या वह उन सभी मैचों में खेल पाएगा? या वह कितने मैच खेल सकता है? कप्तान चुनने में यह एक प्रमुख कारक है। इसलिए मुझे लगता है कि यह सही निर्णय था क्योंकि उन्हें लगा कि वे बुमराह पर इतना दबाव और भार नहीं डाल सकते।

तिवारी ने कहा कि गिल दूसरे सर्वश्रेष्ठ हैं, लेकिन मुझे लगता है कि वह ऋषभ पंत हैं, और गिल तीसरे सर्वश्रेष्ठ हैं। सहवाग ने इसके बाद टेस्ट क्रिकेट में क्रांति लाने और विराट कोहली के बाद आधुनिक समय के दर्शकों के लिए इसे मनोरंजक बनाने के लिए पंत की प्रशंसा की। सहवाग ने यह भी व्यक्त किया कि अगर पंत अपने सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में लौटते हैं तो उन्हें भविष्य में संभावित कप्तान के रूप में पेश किया जा सकता है।

# रविशंकर प्रसाद का फ्रांस में भारतीय समुदाय से आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई उजागर करने का आह्वान

» पेरिस, भाषा।

**भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता एवं सांसद रविशंकर प्रसाद ने फ्रांस में भारतीय समुदाय के सदस्यों से अपील की कि वे आतंकवाद के वैश्विक अभिशाप के खिलाफ लड़ रहे ब्रांड इंडिया को शांति के प्रतीक के रूप में प्रदर्शित करने के लिए हर संभव प्रयास करें। प्रसाद के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार शाम पेरिस में भारतीय प्रवासी समुदाय के प्रमुख सदस्यों और सामुदायिक नेताओं की एक सभा को संदेश दिया कि पिछले महीने पहलगाम में हुआ आतंकवादी हमला केंद्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर में शांति और विकास को कमजोर करने के लिए जानबूझकर किया गया प्रयास था। प्रसाद ने कहा कि भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिए सटीक, लक्षित, आनुपातिक और तनाव नहीं बढ़ाने वाली प्रतिक्रिया दी और इसका लक्ष्य पाकिस्तान समर्थित आतंकवादी ढांचे थे। प्रसाद ने प्रवासियों से कहा, जब मैं भारत की प्रगति देखता हूं, तो मुझे आप सभी पर बहुत गर्व होता है क्योंकि आप (देश के) ब्रांड एंबेसडर हैं।**

उन्होंने कहा, कृपया ब्रांड इंडिया को ठीक से प्रदर्शित करें, यह दर्शाएं कि हम शांति और सौहार्द के लिए काम करते हैं लेकिन अगर आतंकवादी निर्दोष भारतीयों को मारेंगे तो उन्हें इसकी कीमत चुकानी होगी। यही ऑपरेशन सिंदूर की जीत है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने प्रतिनिधिमंडल के मुख्य संदेश को दोहराया कि आतंकवाद के हर कृत्य को युद्ध के रूप में देखा जाएगा, क्योंकि पाकिस्तान में आतंकवाद और सरकारी प्रतिष्ठान एक साथ हैं। उन्होंने कहा, और अगर आपसे (प्रवासियों से) इस बारे में सवाल पूछा जाता है कि प्रधानमंत्री (नरेन्द्र मोदी) ने कहा था कि यह युद्ध का युग नहीं है - तो (जवाब दें कि) यह आतंकवाद का युग भी नहीं है। आतंकवाद एक वैश्विक अभिशाप है, एक वैश्विक कैंसर है, जो सभ्य समाज की हत्या कर रहा है। इस बीच लोकसभा सदस्य डी पुरंदेश्वरी ने भी कहा कि यह प्रतिनिधिमंडल वैश्विक समुदाय के सामने आतंकवाद के बारे में कुछ कठोर सच्चाई पेश करने के लिए यूरोप में है। आंध्र प्रदेश की नेता पुरंदेश्वरी ने तेलुगु में सभा को संबोधित करते हुए कहा, भारत ने सीमा पार आतंकवाद को काफी समय तक झेला है... लेकिन अब भारत ने कह दिया है कि बस बहुत हो गया। आज हमारे पास ऐसा नेतृत्व है जो चीजों को हल्के में लेने को तैयार नहीं है। हम एक जिम्मेदार देश रहे हैं और हमने कभी किसी देश के खिलाफ युद्ध शुरू नहीं किया लेकिन आज हमारा धैर्य जवाब दे गया है। राज्यसभा सदस्य प्रियंका चतुर्वेदी ने इस बात पर प्रकाश डाला कि आतंकवाद दक्षिण एशिया में ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में शांति के लिए खतरा बन गया है। उन्होंने कहा, हम न केवल अपना गुस्सा व्यक्त करने आए हैं बल्कि यह दृढ़ विश्वास भी दिखाने आए हैं कि ऑपरेशन सिंदूर के रूप में जो शुरू हुआ है, वह केवल एक पारंपरिक लड़ाई नहीं है।



## कतर ने भारतीय प्रतिनिधिमंडल की यात्रा के दौरान आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने पर जोर दिया




**दोहा।** दोहा स्थित भारतीय दूतावास ने मंगलवार को कहा कि कतर ने सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल की यात्रा के दौरान आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने पर जोर दिया और रेखांकित किया कि आतंकवादियों तथा उनके समर्थकों के बीच कोई अंतर नहीं किया जाना चाहिए। सांसद सुप्रिया सुले के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल की कतर यात्रा सोमवार को संपन्न हो गई। यह पहलगाम आतंकवादी हमले, ऑपरेशन सिंदूर और उसके बाद के घटनाक्रमों के पश्चात निर्धारित की गई चार देशों की यात्रा का पहला चरण था। यहां भारतीय दूतावास की ओर से जारी एक बयान में कहा गया, कतर पक्ष ने आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की अपनी नीति पर जोर दिया और कहा कि आतंकवाद की निंदा की जानी चाहिए। प्रतिनिधिमंडल ने पहलगाम हमले की कतर सरकार द्वारा की गई निंदा की सराहना की और कतर नेतृत्व को उसके समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। इसमें कहा गया कि दौरे पर आए प्रतिनिधिमंडल ने पिछले दो दिनों में विदेश राज्य मंत्री मोहम्मद बिन अब्दुलअजीज बिन सालेह अल खुलैफी, गृह राज्य मंत्री शेख अब्दुलअजीज बिन फैसल बिन मोहम्मद अल थानी, शूरा कार्उंसिल के उपाध्यक्ष हमदा बिन्त हसन अल सुलैती और कई अन्य गणमान्य व्यक्तियों से मुलाकात की।

## कांगो ने आतंकवाद के खिलाफ भारत के संदेश को हर अंतरराष्ट्रीय मंच पर उठाने का आश्वासन दिया



**किन्शासा।** कांगो ने आश्वासन दिया है कि वह आतंकवाद के खिलाफ भारत के संदेश को उन सभी अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उठाएगा, जिसका यह मध्य अफ्रीकी देश सदस्य है। यह आश्वासन शिवसेना सांसद श्रीकांत एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में एक सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल की यात्रा के दौरान दिया गया, जिसका उद्देश्य आतंकवाद के खिलाफ नई दिल्ली की कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति और सीमा पार आतंकवादी गतिविधियों के साथ पाकिस्तान के कथित संबंधों को उजागर करना है। किन्शासा स्थित भारतीय दूतावास ने प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि प्रतिनिधिमंडल ने 25-27 मई तक कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य की यात्रा के दौरान वहां के राजनीतिक नेतृत्व के साथ उच्च स्तरीय बैठकें कीं। विज्ञप्ति में बताया गया कि प्रतिनिधिमंडल ने उप प्रधानमंत्री जीन-पियरे बेम्बा गोम्बो, विदेश मंत्री थेरेसे के. वैगनर, नेशनल असेंबली के अध्यक्ष विटल कामेरहे और सीनेट के अध्यक्ष जीन-मिशेल सामा लुकोंडे क्एगे से मुलाकात की। बैठकों के दौरान, कांगो के वरिष्ठ नेताओं ने पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ितों के परिवारों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त की।

### प्रतिनिधिमंडल ने सिंगापुर की विदेश और गृह राज्य मंत्री सिम एन से मुलाकात की

# प्रतिनिधिमंडल ने सिंगापुर की वरिष्ठ मंत्री को आतंकवाद से निपटने की भारत की नीति से अवगत कराया

» सिंगापुर, भाषा।

**भारत के सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने सिंगापुर की एक वरिष्ठ मंत्री के साथ बैठक की और उन्हें पहलगाम आतंकी हमले के बाद के घटनाक्रम, ऑपरेशन सिंदूर तथा आतंकवाद से निपटने की नीति पर देश के रुख से अवगत कराया। जनता दल (यूनाइटेड) के राज्यसभा सदस्य संजय कुमार झा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल के सदस्य दक्षिण कोरिया से यहां पहुंचे। सिंगापुर में भारतीय उच्चायोग ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने सिंगापुर की विदेश और गृह राज्य मंत्री सिम एन से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने पहलगाम में आतंकवादी हमले के बाद के घटनाक्रम, ऑपरेशन सिंदूर और आतंकवाद से लड़ने की भारत की नीति पर देश के रुख से अवगत कराया। यहां अपने प्रवास के दौरान, प्रतिनिधिमंडल सिंगापुर के मंत्रियों, संसद सदस्यों, थिंक टैंक, शिक्षाविदों, व्यवसायों, मीडिया और भारतीय समुदाय के प्रतिनिधियों से मुलाकात करेगा। इससे पहले, उच्चायुक्त शिल्पक अम्बुले ने प्रतिनिधिमंडल को जानकारी दी और आतंकवाद से लड़ने में भारत के संकल्प को व्यक्त करने के लिए सिंगापुर में होने वाले कार्यक्रमों की पृष्ठभूमि प्रस्तुत की।**



यह प्रतिनिधिमंडल उन सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों में से एक है, जिन्हें भारत ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय तक पहुंच बनाने और आतंकवाद के साथ पाकिस्तान के संबंधों पर जोर दिए जाने के मकसद से 33 वैश्विक राजधानियों का दौरा करने का दायित्व सौंपा है। ए प्रतिनिधिमंडल संबंधित देशों को यह भी बताने के लिए काम कर रहे हैं कि हालिया संघर्ष पहलगाम में किए गए आतंकवादी हमले की वजह से शुरू हुआ था, न कि ऑपरेशन सिंदूर के कारण, जैसा कि पाकिस्तान ने आरोप लगाया है। पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ गया और भारत ने छह मई की देर रात पाकिस्तान तथा इसके कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आतंकवादी ठिकानों पर सटीक हमले किए। पाकिस्तान ने आठ, नौ और 10 मई को भारतीय सैन्य ठिकानों पर हमला करने का प्रयास किया, जिसका भारत ने मुंहतोड़ जवाब दिया। इस तनाव के बाद 10 मई को दोनों पक्षों के सैन्य अभियान महानिदेशकों के बीच वार्ता हुई और सैन्य संघर्ष रोकने पर सहमति बनी।

# आतंकवाद के खिलाफ प्रांत और यहां के शहर भारत के साथ खड़े हैं: सिंगापुर की मंत्री

» सिंगापुर, भाषा।

**सिंगापुर की एक वरिष्ठ मंत्री ने मंगलवार को भारत के सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल को बताया कि उनका देश सभी प्रकार के आतंकवादी कृत्यों की कड़ी निंदा करता है और इस खतरे के खिलाफ भारत के साथ खड़ा है। जनता दल (यूनाइटेड) के राज्यसभा सांसद संजय कुमार झा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल दक्षिण कोरिया से यहां पहुंचा और उसने सिंगापुर की विदेश एवं गृह राज्य मंत्री सिम एन से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें पहलगाम में आतंकवादी हमले के बाद की घटनाओं, ऑपरेशन सिंदूर और आतंकवाद के खिलाफ भारत की रणनीति से अवगत कराया। सिंगापुर में भारतीय उच्चायोग द्वारा दिए गए एक बयान के अनुसार, सिम ने कहा कि सिंगापुर सभी प्रकार के आतंकवादी कृत्यों की कड़ी निंदा करता है और आतंकवाद के खिलाफ भारत के साथ खड़ा है।**



सिम ने यह भी कहा कि सिंगापुर और भारत घनिष्ठ साझेदार हैं तथा वे द्विपक्षीय सहयोग को और मजबूत करने के प्रयास जारी रखेंगे। सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि अगर भारत पर कोई आतंकवादी हमला होता है तो देश उसका उचित जवाब देगा। इसमें कहा गया है, भारत किसी भी परमाणु ब्लैकमेलिंग को बर्दाश्त नहीं करेगा। परमाणु ब्लैकमेल की आड़ में पनप रहे आतंकवादी ठिकानों पर भारत सटीक और निर्णायक हमला करेगा। भारत आतंकवाद को प्रायोजित करने वाली सरकार और आतंकवाद के सरगना के बीच कोई अंतर नहीं करेगा। इसमें कहा गया है कि करीबी मित्र और साझेदार के रूप में भारत और सिंगापुर आतंकवाद सहित क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर मिलकर काम करना जारी रखेंगे। झा ने इस बात पर प्रकाश डाला कि आतंकवाद के खिलाफ भारत के एकजुट संकल्प से अवगत कराने के लिए ए प्रतिनिधिमंडल विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को एक साथ लाया है। पहलगाम में 22 अप्रैल को किए गए आतंकवादी हमले के बाद भारत सरकार ने इसके अपराधियों और साजिश रचने वालों को न्याय के कटघरे में लाए जाने की आवश्यकता समझी। आतंक के इस जघन्य कृत्य के जवाब में भारत ने आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाते हुए ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया।

## भारतीय प्रतिनिधिमंडल मुस्लिम बहुल देशों में कूटनीतिक अभियान के तहत भारत का संदेश



**मनामा (बहरीन), (भाषा)।** मनामा में बाब अल बहरीन के प्रवेश द्वार पर स्थित दो दुकानों कोहिनूर और एवरशाइन के कर्मचारी उस समय आश्चर्यचकित रह गए जब भारतीय सांसद मनामा सूक के इस ऐतिहासिक बाजार क्षेत्र में अचानक आ गए। कोहिनूर का मालिक एक भारतीय है जबकि एवरशाइन का संचालन पाकिस्तानी कर्मचारी करते हैं। पहलगाम हमले और ऑपरेशन सिंदूर को लेकर भारत के रुख को दुनिया तक पहुंचाने के कूटनीतिक अभियान के तहत बहरीन में बैठकों के व्यस्त कार्यक्रम के बीच भारतीय जनता पार्टी के नेता एवं सांसद बैजयंत जय पांडा के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल शनिवार शाम को इस प्रतिष्ठित क्षेत्र में पहुंचा। इस दौरान सांसदों ने कुछ लोगों से बात की और तस्वीरें भी खिंचवाईं। कोहिनूर के एक भारतीय कर्मचारी ने कहा, (ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के नेता असदुद्दीन) ओवैसी जैसे लोगों को देखकर अच्छा लगा और मैंने एक सेल्फी ली। एवरशाइन के पाकिस्तानी कर्मचारी भी हैरान एवं उत्सुक दिखे। उनमें से एक कर्मचारी ने कहा, हम यहां काम करने आए हैं, हम वास्तव में नहीं जानते कि हमारे देश में क्या राजनीति हो रही है। ये दोनों दुकानें आमतौर पर एक-दूसरे के साथ मिलकर काम करती हैं। इस यात्रा की पृष्ठभूमि में व्यापक कूटनीतिक मिशन जारी है। भारत के कूटनीतिक प्रयासों के तहत सात प्रतिनिधिमंडल दुनियाभर के देशों की 33 राजधानियों की यात्रा कर रहे हैं ताकि विशेष रूप से 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के मद्देनजर आतंकवाद को लेकर भारत की प्रतिक्रिया और पाकिस्तान की मंशा के बारे में अंतरराष्ट्रीय समुदाय में अपनी बात रखी जा सके। भारत मुस्लिम जगत को यह बताना चाहता है कि यह महज दो देशों के बीच की लड़ाई नहीं है बल्कि वैश्विक आतंकवाद की बड़ी चुनौती का हिस्सा है। यही कारण है कि प्रतिनिधिमंडल के कुछ सदस्य मुस्लिम जगत के कुछ हिस्सों को प्रभावित कर रहे आईएसआईएस जैसे समूहों की तकफीरी विचारधारा और भारत जिस तरह के आतंकवाद का सामना कर रहा है।

### न्यूज ब्रीफ

## रूस ने यूक्रेन के सीमावर्ती गांवों पर कब्जा किया

» कीव, भाषा।



**रूसी सेना ने यूक्रेन के उत्तरपूर्वी सुमी क्षेत्र में चार सीमावर्ती गांवों पर कब्जा कर लिया है। एक स्थानीय अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कुछ दिन पहले कहा था कि उन्होंने सीमा पर एक बफर जोन स्थापित करने का आदेश जारी किया है। इस बीच, हाल के दिनों में रूसी बमबारी अभियान रातों-रात धीमा पड़ गया, क्योंकि बहुत कम रूसी ड्रोन ने यूक्रेन के छोटे कस्बों और शहरों को निशाना बनाया। युद्ध विराम सुनिश्चित करने और शांति वार्ता का मार्ग प्रशस्त करने के लिए अमेरिका के नेतृत्व में कई महीनों से किए जा रहे गहन प्रयासों के बावजूद रूस की ओर से हमलों को रोकने का कोई संकेत नहीं दिया जा रहा है।**

रूस और यूक्रेन के प्रतिनिधिमंडल ने तीन साल में पहली बार प्रत्यक्ष वार्ता के लिए इस महीने की शुरुआत में तुर्किए में मुलाकात की थी। बड़े पैमाने पर कैदियों की अदला-बदली ही एकमात्र ठोस परिणाम रहा है, लेकिन वार्ता से कोई महत्वपूर्ण सफलता नहीं मिली है। अधिकारियों ने बताया कि शुक्रवार और रविवार के बीच रूस ने यूक्रेन पर लगभग 900 ड्रोन दागे। रूस ने रविवार की रात यूक्रेन के खिलाफ सबसे बड़ा ड्रोन हमला किया, जिसमें 355 ड्रोन दागे गए यूक्रेन की वायु सेना ने मंगलवार को बताया कि सोमवार से मंगलवार तक रूस ने यूक्रेन पर 60 ड्रोन दागे। रूस के रक्षा मंत्रालय ने दावा किया कि उसकी वायु रक्षा प्रणाली ने सात रूसी क्षेत्रों में रात भर में यूक्रेन के 99 ड्रोन को मार गिराया।

# नेपाली शेरपा गाइड ने 31वीं बार माउंट एवरेस्ट फतह कर तोड़ा अपना ही रिकॉर्ड



» काठमांडू, भाषा।

**जाने-माने नेपाली शेरपा गाइड कामी रीता ने मंगलवार को 31वीं बार माउंट एवरेस्ट फतह कर दुनिया के सबसे ऊंचे पर्वत की चोटी पर सबसे अधिक बार सफलतापूर्वक पहुंचने का अपना ही रिकॉर्ड तोड़ दिया। इस चढ़ाई अभियान के आयोजक सेवन समिट ट्रेक्स के अध्यक्ष मिंगमा शेरपा ने बताया कि 55 वर्षीय पर्वतारोही मौसम की स्थिर स्थिति में सुबह करीब चार बजे 8,849 मीटर ऊंचे शिखर पर पहुंचे। उन्होंने लेफ्टिनेंट कर्नल मनोज जोशी के नेतृत्व में भारतीय सेना के एडवेंचर विंग एवरेस्ट अभियान की एक टीम की अगुवाई की। काठमांडू पोस्ट समाचार पत्र ने मिंगमा के हवाले से कहा, यह नई उपलब्धि दुनिया के शीर्ष पर सबसे अधिक बार पहुंचने के रिकॉर्ड धारक के रूप में उनकी स्थिति को मजबूत करती है - एक ऐसा रिकॉर्ड, जिसके करीब कोई नहीं पहुंच पाया है।**

उन्होंने कहा, कामी रीता शिखर की चोटी पर पहुंचने के बाद सुरक्षित और स्थिर हैं। उन्होंने उतरना शुरू कर दिया है और आधार शिविर की ओर वापस जा रहे हैं। मिंगमा ने कहा, कामी ने हमेशा की तरह पहाड़ पर अपनी बेजोड़ दक्षता और पेशेवराना अंदाज का प्रदर्शन किया है। हमें उनकी उपलब्धि और उनके द्वारा बनाई जा रही विरासत पर बेहद गर्व है। सेवन समिट ट्रेक्स के अभियान निदेशक छांग दावा शेरपा ने बताया कि कामी रीता में कम उम्र से ही पर्वतारोहण के लिए जुनून था और वह दो दशकों से अधिक समय से पहाड़ों पर चढ़ रहे हैं। उनकी पर्वतारोहण यात्रा 1992 में तब शुरू हुई जब वह एक सहायक कर्मचारी के रूप में एवरेस्ट की चढ़ाई के अभियान में शामिल हुए। दावा ने बताया कि 1994 से 2025 के बीच कामी रीता ने के2 और माउंट लोत्से को एक-एक बार, मनास्लू को तीन बार और चो ओयू को आठ बार फतह किया। हर साल सैकड़ों पर्वतारोही नेपाल से माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने का प्रयास करते हैं। एवरेस्ट पर सबसे पहले 1953 में न्यूजीलैंड के एडमंड हिलेरी और नेपाली शेरपा तेनजिंग नॉरगे ने चढ़ाई की थी।

## नेपाल:एवरेस्ट चोटी पर पहली सफल चढ़ाई के उपलक्ष्य में 10 भारतीय समेत 100 पर्वतारोही सम्मानित

**काठमांडू।** हिमालय की सबसे ऊंची चोटी एवरेस्ट पर एडमंड हिलेरी और तेनजिंग नोर्गे द्वारा पहली सफल चढ़ाई की याद में मंगलवार को नेपाल में सम्मानित किए गए 100 से अधिक पर्वतारोहियों में 10 भारतीय पर्वतारोही भी शामिल हैं। पर्यटन, संस्कृति और नागरिक उड्डयन मंत्री बद्री पांडे ने 29 मई को अंतरराष्ट्रीय एवरेस्ट दिवस से पहले एवरेस्ट पर चढ़ाई करने वाले नेपाली और अंतरराष्ट्रीय पर्वतारोहियों को सम्मानित किया। पांडे ने कहा, नेपाल सरकार न केवल पर्वतीय पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है, बल्कि हम पर्वतारोहियों की सुरक्षा और भविष्य की पीढ़ियों के लिए हिमालय के संरक्षण को लेकर भी चिंतित हैं। उन्होंने कहा, हमें आने वाली पीढ़ियों के लिए पहाड़ों की देखभाल और सुरक्षा करनी चाहिए। नेपाल, भारत, चीन, ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, सिंगापुर, फिलीपीन, फलस्तीनी क्षेत्र और ब्रिटेन सहित अन्य देशों के 100 से अधिक पर्वतारोहियों को प्रशंसा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। एवरेस्ट एलायंस नेपाल द्वारा आयोजित एवरेस्ट पर्वतारोही सम्मेलन में भारत के 10 पर्वतारोहियों को सम्मानित किया गया जिनमें आशीष सिंह, निशा कुमारी, अनुजा वैद्य, बलजीत कौर, सुविधा कदलाग, सूर्य प्रकाश, शेख हिमांशु, सत्यरूप सिद्धांत, ज्योति रात्रे और अदिति शामिल हैं। सम्मानित किए गए लोगों में नेपाल के मिंगमा शेरपा (8,000 मीटर से अधिक ऊंची सभी 14 चोटियों पर चढ़ने वाले पहले दक्षिण एशियाई पर्वतारोही) और सबसे कम उम्र के चीनी पर्वतारोही शू झू ओयुन शामिल थे। न्यूजीलैंड के सर एडमंड हिलेरी और नेपाल के तेनजिंग नोर्गे शेरपा द्वारा 1953 में पहली बार एवरेस्ट पर सफल चढ़ाई करने की याद में 29 मई को हर साल अंतरराष्ट्रीय एवरेस्ट दिवस के रूप में मनाया जाता है।

## दक्षिणी ईरान में चाकू से हमला कर न्यायाधीश की हत्या

» तेहरान, भाषा।

**दक्षिणी ईरान के शिराज शहर में मंगलवार सुबह एक न्यायाधीश की चाकू से हमला कर उस वक्त हत्या कर दी गई जब वह अपने काम पर जा रहे थे। सरकारी मीडिया ने यह जानकारी दी। सरकारी समाचार एजेंसी आईआरएनए की खबर में इस हत्या को आतंकवादी कृत्य बताया गया। खबर में कहा गया कि इस घटना में संलिप्त दो अज्ञात हमलावर अभी फरार हैं। खबर में बताया गया कि न्यायाधीश की पहचान एहसुम बाघेरी (38) के रूप में हुई, जो शहर के न्यायिक विभाग में काम करते थे।**

बाघेरी ने पहले रेवलूशनेरी अदालत में अभियोजक के रूप में काम किया था। रेवलूशनेरी अदालत में सुरक्षा और मादक पदार्थ तस्करी से जुड़े मामलों की सुनवाई होती है। किसी भी समूह ने तत्काल हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। ईरान में पहले भी न्यायाधीशों की हत्या के मामले सामने आ चुके हैं। एक व्यक्ति ने जनवरी में ईरान की राजधानी तेहरान में उन दो न्यायाधीशों की गोली मारकर हत्या कर दी थी, जिन्होंने अस्सी के दशक में बड़ी संख्या में विद्रोहियों को मृत्युदंड दिया था।

### इजराइल में एक संगीत कार्यक्रम से उनका अपहरण किया गया था

# हमास की कैद से मुक्त हुए व्यक्ति ने पेंटिंग के माध्यम से बताई अपनी कहानी

» न्यूयॉर्क, भाषा।

**अगर आप आंद्रेई कोजलोव के स्टूडियो के अंदर देखें तो वहां हमास के बंधक के रूप में बिताए गए आठ महीनों से प्रेरित कई पेंटिंग हैं और उनमें आपको केवल अंधकार ही दिखाई देगा। उनकी पेंटिंग में आप क्रोध, अविश्वास और दर्द के भाव देख सकते हैं। कोजलोव अब आजाद हैं, जिनके चेहरे पर अक्सर मुस्कान फैल जाती है। वह इस बात पर विश्वास नहीं कर पाते कि वह बच गए हैं। कोजलोव (28) न्यूयॉर्क के एक साझा कला स्टूडियो में कहते हैं, जब आप अंधकार से घिरे होते हैं, तो अंदर हमेशा प्रकाश हो सकता है।**



कैद से रिहा होने के लगभग एक साल बाद, कोजलोव विरोधाभासों से परिचित हो गए हैं। वह खुद को हालात के मुताबिक ढाल चुके हैं। अपनी पीड़ा का तथ्यात्मक वर्णन करने में वह सक्षम हैं, लेकिन कभी-कभी उनके दिमाग में वह बात आती है जिससे वह गुजरे थे। वह जिंदा हैं और कृतज्ञता से भरे हुए हैं, लेकिन उन लोगों का भार महसूस करते हैं जो अभी तक मुक्त नहीं हुए हैं। कोजलोव अब बंधक नहीं हैं, लेकिन जानते हैं कि दुनिया हमेशा उन्हें एक बंधक के रूप में देख सकती है। वह कहते हैं, हमेशा कहा जाएगा कि मुझे बंधक बनाया गया था। यह हमेशा मेरे जीवन का हिस्सा रहेगा। इजराइल में एक संगीत कार्यक्रम से उनका अपहरण किया गया था। कोजलोव रूस के सेंट पीटर्सबर्ग में पले-बढ़े, लेकिन लंबे समय से उन्हें घूमने-फिरने का शौक था। सेना में अनिवार्य एक वर्ष की सेवा करने के बाद, उन्होंने इजराइल में रहने का फैसला किया। अगस्त 2022 में वह इजराइल पहुंचे। वहां वह एक कंपनी से जुड़ गए। उन्हें सात अक्टूबर, 2023 को बंधक बना लिया गया गया, जो इजराइल के इतिहास का सबसे घातक दिन था। कोजलोव की कैद के शुरुआती दिन भयानक नरक थे। आठ महीनों तक उन्हें आठ अलग-अलग घरों में रखा गया, जहां उनके साथ रहने वाले दो दर्जन आतंकियों की एक टुकड़ी उनकी निगरानी करती थी। उन्होंने कहा कि कुछ लोग दया का दिखावा करते थे, अन्य लोग अपने बंदियों के साथ जानवरों जैसा व्यवहार करते थे। कुछ हिरासत स्थलों में, वह गीले, चिपचिपे गद्दे पर सोते थे, जिस पर फफूंद की बदबू आती थी अन्य में कुछ बेहतर परिस्थितियां थीं। रस्सियों की जगह जंजीरें लगा दी गईं। कुछ महीनों के बाद, उनके अपहरणकर्ताओं ने थोड़ी रहम दिखाते हुए उन्हें एक पेंसिल और पतली नोटबुक दी। आखिर 247वें दिन वह आजाद हुए। इजराइली रक्षा बल ने नुसेरात शरणार्थी शिविर के उस घर में धावा बोला, जहां कोजलोव को रखा गया था। सैन्य ऑपरेशन में उन्हें और तीन अन्य बंधकों को बचाया गया। कुछ ही पलों में वह बाहर थे, महीनों में पहली बार उनके चेहरे पर सूरज की रोशनी पड़ रही थी, उसके हाथ में कोक था और होठों पर सिगरेट थी। एक हेलीकॉप्टर ने उन्हें सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। मुक्त कराए जाने के बाद कुछ महीने उन्होंने इजराइल में बिताए, फिर अमेरिका चले गए।

# ब्रिटेन :लिवरपूल में फुटबाल प्रशंसकों की भीड़ में कार घुसी, चार बच्चों सहित 50 लोग हुए घायल

» लंदन, भाषा।

**इंग्लैंड की प्रीमियर लीग चैंपियनशिप में लिवरपूल फुटबाल क्लब की जीत का जश्न मना रहे लोगों की भीड़ में कार घुसा देने की घटना में चार बच्चों सहित कम से कम 50 लोग घायल हुए हैं। यह घटना सोमवार शाम को हुई, जब लिवरपूल की सड़कों पर हजारों लोग लिवरपूल फुटबॉल क्लब द्वारा प्रीमियर लीग जीतने का जश्न मना रहे थे। कार, वाटर स्ट्रीट पर भीड़ को रौंदते हुए निकल गई। लिवरपूल सिटी मेट्रो के मेयर स्टीव रोथरम ने मंगलवार को बताया कि घायल हुए 50 लोगों में से चार बच्चे अभी भी अस्पताल में गंभीर हालत में हैं। घटना के दो घंटे के भीतर, लिवरपूल क्षेत्र से मर्सीसाइड पुलिस ने 53 वर्षीय एक ब्रिटिश व्यक्ति को गिरफ्तार किया।पुलिस ने कहा कि इस घटना को आतंकवाद से जोड़कर नहीं देखा जा रहा है। सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो क्लिप में लिवरपूल फुटबॉल क्लब के जश्न के बाद, भीड़ में मौजूद लोगों को कार के ड्राइवर के करीब जाने की कोशिश करते हुए देखा जा सकता है। भीड़ में से एक व्यक्ति कार का दरवाजा खोलने में कामयाब रहा।**



इसके बाद, चालक ने कार का दरवाजा बंद कर दिया और अचानक वाहन की गति बढ़ा दी।मंगलवार को बीबीसी रेडियो 5 लाइव से बात करते हुए मेयर रोथरम ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि गंभीर रूप से घायल हुए लोग बहुत जल्द ठीक हो जाएंगे। प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर ने कहा कि उन्होंने इस घटना के बारे में रोथरम से बात की है। उन्होंने कहा कि हर किसी को खासकर बच्चों को, इस भयावह घटना के बिना अपने नायकों की जीत का जश्न मनाना चाहिए था। मर्सीसाइड फायर एंड रेस्क्यू सर्विस के मुख्य अग्निशमन अधिकारी निक सियरले ने कहा कि कार के नीचे फंसे चार लोगों, जिनमें एक बच्चा भी शामिल है, को अग्निशमन कर्मियों ने बचा लिया।

मुद्रक, प्रकाशक व स्वत्त्वाधिकारी मुन्ना खान के लिए श्री राम ऑफसेट, 6, शॉपिंग सेंटर, जोरावर सिंह गेट के बाहर, आमेर रोड, जयपुर से मुद्रित तथा रॉयल पत्रिका कार्यालय 4312 मोहल्ला नायकों का, जगन्नाथ शाह का रास्ता, नाहरबाड़ा, रामगंज, जयपुर से प्रकाशित। संपादक मुन्ना खान मों. 08058969180 कार्यालय फोन- 0141-2609886,